• जयपुर, रविवार 17 नवंबर 24 • वर्ष 14 • अंक 89 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के तहत तंबाकू मुक्ति के लिए हुआ शपथ ग्रहण समारोह...

पेज @4 दीया कुमारी पहुंची बेस्ट टूरिस्ट विलेज का खिताब पाने वाले राजस्थान के...

पेज @8 उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई की उचित और प्रभावी...

# झांसी मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग, 10 बच्चों की मौत, कई घायल

**झांसी/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार देर रात हुए हादसे में जलने से 10 बच्चों की मौत हो गई। जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि कॉलेज के एनआईसीयू (शिशु वार्ड) में अंदर की यूनिट में रात 10.30 से 10.45 के बीच आग लगी थी। अंदर की यूनिट में ज्यादा गंभीर रूप से बीमार बच्चे थे जबकि बाहर की यूनिट में कम गंभीर रूप से बीमार बच्चे थे।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 10 बच्चों की मौत हो गई है। उस समय वार्ड में मौजूद कर्मचारियों का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। जिलाधिकारी ने कहा कि बाहर की यूनिट के सभी बच्चों को बचा लिया गया है। अंदर की यूनिट के भी कुछ बच्चों को बचाया गया है।

अब तक 40 बच्चों को बचाने की सूचना है। झांसी मंडल के कमिश्नर बिमल कुमार दुबे ने बताया कि घटना के समय वार्ड में 54-55 बच्चे भर्ती थे। घायल बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। झांसी मंडल के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। मौके पर फायर ब्रिगेड की छह गाडियां पहुंच चुकी हैं और पुलिस की टीम मौजूद है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



झांसी अस्पताल हादसा :

## सीएमएस ने बताया, एनआईसीयू वॉर्ड में लगी आग, ज्यादातर बच्चे ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे

**झांसी/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के झांसी से दिल को दहला देने वाली घटना की खबर सामने आई है। यहां महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की मौत की पुष्टि हुई है। जबकि, 47 के करीब नवजात को बचा लिया गया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए झांसी सीएमएस सचिन मेहर ने बताया कि महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू वॉर्ड में 54 बच्चे भर्ती थे। अचानक से आग लग गई, जिसे बुझाने की कोशिश की गई। लेकिन, ज्यादातर बच्चे ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे और आग तेजी से फैल गई। घटना शाम 5.30 बजे की है।

फायर ब्रिगेड की कई गाडियां अभी भी घटनास्थल पर है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में लगे आग पर काबू पा लिया गया है। जानकारी के अनुसार इस घटना में अभी तक 40 से ज्यादा बच्चों का रेस्क्यू किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस घटना की जानकारी मिलते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, जनपद झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में घटित एक दुर्घटना में हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। जिला प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों को संचालित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। इस घटना को लेकर एक्स पोस्ट में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा, जनपद झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के शिशु वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की दुर्घटना में कई शिशुओं के निधन की सूचना अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है।

## अखिलेश ने साधा यूपी सरकार पर निशाना

### मायावती ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**लखनऊ/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के झांसी में हादसे में हुई 10 बच्चों की मौत पर सपा मुखिया अखिलेश ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। वहीं, बसपा ने दोषियों के खिलाफ सजा की मांग उठाई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की मृत्यु एवं कई बच्चों के घायल होने का समाचार बेहद दुखद एवं चिंताजनक है। सबके प्रति संवेदनात्मक श्रद्धांजलि। आग का कारण 'ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर' में आग लगना बताया जा रहा है। ये सीधे-सीधे चिकित्सा प्रबंधन व प्रशासन की लापरवाही का मामला है या फिर खराब क्वालिटी के आक्सीजन कॉन्संट्रेटर का। इस मामले में सभी जिम्मेदार लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई हो।

उन्होंने आगे कहा, मुख्यमंत्री जी चुनावी प्रचार छोड़कर, 'सब ठीक होने के झूठे दावे' छोड़कर स्वास्थ्य और चिकित्सा की बदहाली पर ध्यान देना चाहिए। जिन्होंने अपने बच्चे गंवाएं हैं, वो परिवार वाले ही इसका दुख-दर्द समझ सकते हैं। ये सरकारी ही नहीं, नैतिक जिम्मेदारी भी है। आशा है चुनावी राजनीति करनेवाले पारिवारिक विपदा की इस घड़ी में इसकी सच्ची जाँच करवाएंगे और अपने तथाकथित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्रालय में ऊपर-से-नीचे तक आमूलचूल परिवर्तन करेंगे।

## योगी सरकार के मंत्री मनोहर लाल पर जानलेवा हमला

### स्टाफ और पीएसओ से भी की मारपीट, पिस्टल भी छीनकर ले गए हमलावर

**ग्वालियर/एजेंसी।**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में योगी सरकार के मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी के काफिले पर हमला हो गया। इस हमले में मंत्री को भी चोटें आई हैं। आरोपियों ने मंत्री के स्टाफ और पीएसओ के साथ भी मारपीट की और पीएस-ओ की पिस्टल लूटकर फरार ले गए।

जानकारी के अनुसार योगी सरकार के राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी के काफिले पर एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान काफिले की गाड़ियों में तोड़×फोड़ की गई और उनके स्टाफ के साथ मारपीट की गई। यह हमला उस वक्त हुआ जब उत्तर प्रदेश के श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी आगरा से ललितपुर की ओर जा रहे थे। इसी बीच ग्वालियर के बिलौआ थाना क्षेत्र के जौरासी गांव के पास एक ट्रक का हाईवे पर एक्सीडेंट हुआ था, जिसकी वजह से हाईवे पर जाम लगा हुआ था। जब मंत्री इस जाम में फंसे तो उनके काफिले ने रॉन्ग साइड से आगे बढ़ने का फैसला किया।

## बिजनौर में तेज रफ्तार कार की ऑटो से टक्कर, 7 लोगों की मौत



**बिजनौर/एजेंसी।**

बिजनौर के धामपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। यह हादसा धामपुर के देहरादून नैनीताल नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार द्वारा थ्री व्हीलर को पीछे से टक्कर मारने के कारण हुआ।

हादसे में थ्री व्हीलर के चालक सहित सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में सभी मृतक झारखंड में शादी कर वापस अपने गांव तिबड़ी आ रहे थे। जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के 6 लोग थे और यह यह शादी विशाल नाम के युवक की थी। ये लोग ट्रेन से मुरादाबाद आए और फिर एक थ्री व्हीलर कर अर्धरात्रि के समय गांव जा रहे थे। जब वह धामपुर नगीना मार्ग पर फायर स्टेशन के पास पहुंचे तो पीछे से क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। इन सभी 6 लोगों की उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतकों में खुर्शीद 65, उनका बेटा विशाल 25, पुत्रवधू खुशी 22 के अलावा मुमताज, रूबी और पुत्री 10 वर्षीय बुशरा भी शामिल हैं। परिवार के 6 लोगों के अलावा थ्री व्हीलर चालक की भी इलाज के लिए बिजनौर ले जाते हुए मौत हो गई।

न्यूज़ अपडेट

## ट्रक और कार में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**नोएडा/एजेंसी।** नोएडा में बीती देर रात दो घटनाओं में एक ट्रक और एक कार में आग लग गई। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन दोनों वाहन जलकर राख हो गए। फायर विभाग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक पहले मामले में 16 नवंबर को ग्राम न्यू हॉलैंड चौराहे के पास सेंट्रल वेयर हाउस के अंदर खड़ी डीसीएम में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट तत्काल घटनास्थल पर रवाना हुई और आग को पूरी तरह से बुझा दिया। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। आग कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है।

वहीं, दूसरे मामले में 16 नवंबर को ग्राम सोरखा सेक्टर 115 नोएडा गेट नंबर 2 के पास खड़ी मारुति सुजुकी अर्टिगा में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर तुरंत कारवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट घटनास्थल पर रवाना हुई और आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। इसमें भी कोई जनहानि नहीं हुई है। चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि दोनों ही वहां सीएनजी और पेट्रोल से चलने वाले वाहन हैं। इन वाहनों में आग कैसे लगी, इस बात की जांच की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि कितनी देर पहले ये गाडियां अपने स्थान पर खड़ी हुई थीं। सीएफओ के मुताबिक कई बार ऐसा होता है कि वायरिंग लूज होने की वजह से सीएनजी-पेट्रोल की गाडियों में स्पार्क होने के बाद आग फैल जाती है और थोड़ी देर में वाहन जलकर राख हो जाते हैं।

## दिल्ली में गोकुलपुरी के एक पेट्रोल पंप पर अंधाधुंध फायरिंग, कर्मचारी घायल

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



दिल्ली के गोकुलपुरी थाना क्षेत्र के वजीराबाद रोड स्थित पेट्रोल पंप पर बदमाशों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। पेट्रोल पंप के ऑफिस में करीब दो दर्जन से ज्यादा गोलियां चलाई गईं, जिससे वहां काम कर रहे पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब 10:38 बजे हुई, जब दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने पेट्रोल पंप के ऑफिस केबिन के बाहर से गोलियां चलाईं और फिर घटनास्थल से फरार हो गए। गोलीबारी में घायल अंशुल राठी को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि वो कांच के टुकड़ों से घायल हो गया, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि अंशुल राठी छह साल से पेट्रोल पंप पर सुपरवाइजर के तौर पर काम कर रहा था।

## तमिलनाडु में भारी बारिश, 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

**चेन्नई /एजेंसी।**

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने शनिवार (16 नवंबर) और रविवार (17 नवंबर) के लिए तमिलनाडु के 18 जिलों को भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। आरएमसी के एक बयान के अनुसार, सप्ताहांत में कन्याकुमारी थूथुकुडी तिरुनेलवेली, रामनाथपुरम, तेनकासी, विरुधुनगर, मदुरै, थेनी, डिंडीगुल, शिवगंगा, पुदुकोट्टई, तंजावुर, तिरुवरूर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू



जिलों में भारी बारिश की आशंका है। भारी बारिश का कारण दक्षिण तमिलनाडु और उसके आसपास के इलाकों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन है। आने वाले दिनों में राज्य के बाकी हिस्सों में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। चेन्नई में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है, शाम और रात के समय कुछ इलाकों में मध्यम बा-रश का अनुमान है। आरएमसी ने 22 नवंबर से चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू और कांचीपुरम सहित उत्तरी तटीय जिलों में भी भारी बा-रश की आशंका जताई है।

इन जिलों में 22 से 28 नवंबर तक सामान्य से अधिक बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जबकि इसी अवधि में राज्य के बाकी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर मानसून के दौरान अब तक 1 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच तमिलनाडु में 276 मिमी बारिश हुई। कोयंबटूर में सबसे अधिक 418 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य स्तर से 67 प्रतिशत अधिक है।

# आज एक उम्मीद और सोच है, यह इंडिया की सेंचुरी होगी : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि पिछले 10 साल से देश में आए परिवर्तनों ने भारत के नागरिकों में जोखिम लेने की कल्चर को नई ऊर्जा दी है। जनता का आत्मविश्वास बढ़ा है। सरकार ने जनता पर अपना खर्च बढ़ाया है और जनता की बचत भी कराई है।

पीएम मोदी ने हिंदुस्तान टाइम्स की लीडरशिप समिट में शनिवार को प्रोग्रेस ऑफ द पीपल (लोगों की तरक्की) का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने विकसित भारत बनाने के विराट लक्ष्य के लिए हमें अपने विश्वास की पूंजी सौंपी है।



उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के जमाने में गलत खबरों का भी प्रसा-र हुआ है। इस दौर में भी भारत के नागरिकों का विश्वास हम पर है। जब जनता का आत्मविश्वास बढ़ता है तो इसका अलग ही प्रभाव देश के विकास पर दिखता है। पुरानी सभ्यता से लेकर आज के विकसित देशों में जोखिम लेने का कल्चर कॉमन रहा है। बीते 10 सालों में देश में जो परिवर्तन आए हैं, उन्होंने भारत के नागरिकों में जोखिम लेने की कल्चर को फिर नई ऊर्जा दे दी है।

पीएम मोदी ने बताया कि सरकार ने पिछले 10 साल में गैस की किल्लत को खत्म कर दिया है। ऐसे ही मोबाइल फोन, रुपे कार्ड का उदाहरण है। पहले डेबिड, क्रेडिट कार्ड रखना लोगों को गर्व महसूस कराता है। आज गरीब की जेब में भी रुपे का क्रेडिट और डेबिट कार्ड मौजूद है। आज गरीब से गरीब इंसान ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करता है। वह यूपीआई का इस्तेमाल करता है। यह भी इन्वेस्टमेंट से एंप्लॉयमेंट और डेवलपमेंट से डिग्निटी का उदाहरण है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज जिस ग्रोथ ट्रेजेक्टरी पर है, उसे समझने के लिए हमारी सरकार की एक और अप्रोच पर गौर करना जरूरी है। ये अप्रोच है- स्पेंड बिग फॉर पीपल, सेव बिग फॉर पीपल यानी जनता पर ज्यादा खर्च और जनता के लिए ज्यादा बचत।

पीएम मोदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि आज का हमारा कैपिटल एक्सपेंडिचर 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का है। यह रकम नए अस्पताल, सड़क, रेल, रिसर्च सुविधाओं पर खर्च की जा रही है। जनता पर खर्च बढ़ाने के साथ ही हम जनता का पैसा भी बचा रहे हैं। जैसे डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर से देश के साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये बचे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज के चलते गरीबों के एक लाख करोड़ रुपये बचे हैं। जन औषधि केंद्र पर मिल रही सस्ती दवाओं से नागरिकों के 30,000 हजार करोड़ रुपये बचे हैं। उजाला स्कीम से लोगों के बिजली बिल में 20 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। उन्होंने कहा, 12 करोड़ लोगों के घर पहली बार हर घर नल से जल के तहत साफ पानी मिलने से ऐसे परिवारों को हर साल 10 हजार रुपये से ज्यादा की बचत हुई है। 10 साल पहले किसी ने भारत में इतने बड़े बदलाव के बारे में नहीं सोचा था। आज एक उम्मीद और सोच है कि यह सेंचुरी इंडिया की सेंचुरी होगी। इसके लिए हमें कई और प्रयास करने होंगे और हम इस दिशा में काम भी कर रहे हैं। हमें ऐसे विश्व स्तर के उत्पाद बनाने होंगे, ऐसे ही विश्व स्तर की आधारभूत संरचना, शिक्षा, फिल्में आदि बनाई जाएं।

# श्रीलंका में एनपीपी की प्रचंड जीत भारत के लिए कितनी अहम

श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति एकेडी यानी अनुरा कुमारा दिसानायके की अगुवाई वाले गठबंधन का प्रचंड बहुमत से जीतना चीन की खुशी का कारण हो सकता है। इसे पहली नजर में वामपंथी दिसानायके का कम्युनिस्ट चीन के करीब होना समझा जायेगा। इस राय के पक्ष में जाने वाले लोग इतिहास में थोड़ा पीछे जाने की राय दे सकते हैं। वर्ष 1987 में भारत-श्रीलंका समझौते का दिसानायके की पार्टी जेवीपी ने विरोध किया था। तब श्रीलंका में तमिल समस्या उभार पर थी और समझौते के तहत वहां लिट्टे की गतिविधि से निपटने के लिए भारतीय शांति सेना उतरी थी। लिबरेशन तमिल ईलम के खिलाफ असर डालने वाले समझौते पर तब के राष्ट्रपति जेआर जयवर्धने और भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने हस्ताक्षर किए थे।

दिसानायके उसके विरोध के चलते चर्चा में आए। वर्ष 2001 में वे पहली बार श्रीलंकाई संसद के लिए चुने गये थे। हाल में वे राष्ट्रपति चुने गये किंतु उनकी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं था। राष्ट्रपति ने संसद भंग कर चुनाव की घोषणा की थी। अब उस चुनाव का नतीजा है कि संसद में उनका गठबंधन एनपीपी ने दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। खास बात यह है कि इस चुनाव में श्रीलंका की राजनीति में लंबे समय से प्रभावी रही परिवारवादी पार्टियों के प्रतिनिधियों को मतदाताओं ने खारिज कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे परिवार की पार्टी पोदुजना पेरामुना को सिर्फ तीन सीटें मिली। वहीं, दूसरे पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थन वाला न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट सिर्फ 5 सीटों पर कब्जा जमा सका। विपक्ष के नेता सजीथ प्रेमदासा की समागी जन बालवेगया पार्टी के खाते में जरूर 40 सीटें आईं। हालांकि यह 159 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत पाने वाले दिसानायके के मुकाबले कहीं बहुत पीछे है। स्वाभाविक है कि उनकी सरकार को बहुतेरे मामलों में 'खुले हाथ' काम करने की स्वतंत्रता हासिल हो गयी है। तो क्या एक वामपंथी नेता का अपने पड़ोसी भारत के मुकाबले कम्युनिस्ट चीन के साथ जाने के रास्ते प्रशस्त हो गये हैं? यह बात इतनी आसानी से नहीं कही जा सकती। इसे समझने के लिए दिसानायके के हालिया रुख को देखा जाना चाहिए।

दिसानायके की पार्टी भारत विरोधी और चीन समर्थक के रूप में पहचानी जाती रही है। इसके बावजूद वह भारत को दरकिनार नहीं कर सकते। देशों के बीच रिश्तों में विचारधारा का प्रभाव धीरे-धीरे कम होता गया है। आपसी जरूरतों के साथ अंतरराष्ट्रीय दबाव भी कारक बनते गये हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ही दिसानायके ने कुछ समय से भारत विरोधी बयान देने काफी कम कर दिये। वे नई दिल्ली के साथ बेहतर रिश्ते की भी वकालत करते हैं। पिछले महीने ही उन्होंने कहा था कि उनका देश चीन और भारत के बीच सैंडविच नहीं बनना चाहता। यह बयान भावनाओं में बहते किसी सामान्य व्यक्ति का नहीं है। फिर हमें भी नहीं भूलना चाहिए कि दिसानायके का बयान सिर्फ श्रीलंका नहीं, भारत के भी अनुकूल है।

हमारे दक्षिणी प्रांत तमिलनाडु के नजदीक होने से श्रीलंका हमारी सुरक्षा और व्यापारिक रणनीति, दोनों नजरिए से अहम है। श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिल कुल आबादी के करीब 11 प्रतिशत हैं। भारत सरकार श्रीलंका पर दबाव बनाती रही है कि वह अपने संविधान के 13वें संशोधन को लागू करे। यह संशोधन श्रीलंकाई सत्ता में तमिलों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। तमिल डरते हैं कि दिसानायके सरकार इस संशोधन को रद्द कर सकती है। इसके विपरीत चुनाव परिणाम जिस ओर संकेत करते हैं, उससे ऐसा नहीं लगता। जाफना जैसे तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ में भी दिसानायके के गठबंधन एनपीपी की प्रचंड जीत देश में सामुदायिक सौहार्द की मांग रखती रहेगी। वर्ष 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद दिसानायके की पार्टी को तमिल बहुल जाफना जिले में यह रिकॉर्ड वोट है। सिंहली प्रभावी देश में तमिलों के भी साथ मिलने से नई सरकार उनके प्रति अपने दायित्व को याद रखेगी। तमिलों की शिकायत रही है कि सिंहली बहुमत वाली सरकारें उनकी उपेक्षा करती हैं। निश्चित ही जाफना जैसे क्षेत्रों में भी बहुमत पाने वाली सरकार 1983 से 2009 तक श्रीलंका में गृह युद्ध के दिनों को नहीं भूलेगी।

बात सामुदायिक सौहार्द तक नहीं है। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के लिए भारतीय सहयोग जरूरी है। ऐसा भारत ने सिद्ध भी किया है। अभी 2022 में श्रीलंका के ऐतिहासिक आर्थिक तंगी में भारत ने उसकी मदद की। तब जन आक्रोश के चलते गोटाबाया राजपक्षे को राष्ट्रपति पद छोड़ना पड़ा था। भारत ने श्रीलंका को 4 बिलियन डॉलर की आर्थिक मदद दी है। श्रीलंका में रुकी हुई कई भारतीय परियोजनाओं को भी फिर से शुरू किया गया है। पर्यटन से लेकर बैंकिंग क्षेत्र तक, भारत की मदद श्रीलंका के लिए बहुत मायने रखती है। यह मदद चीन से किसी भी मायने में अधिक है। ऐसे ढेर सारे बिंदु हैं, जो भारत-श्रीलंका के बीच रिश्ते मजबूत ही बनाएंगे। चुनाव के ठीक बाद इसके संकेत भी मिले हैं। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने विजयी पार्टी के नेता राष्ट्रपति दिसानायके से मुलाकात की। इस भेंट में दिसानायके ने श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए भारत से सहयोग मांगा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति के इस रुख पर भारत और चीन, दोनों ही नजर रखेंगे।

# भारत की पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन



ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया था। यह मांग बिल्कुल प्रासंगिक एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। आज जबकि देश में लाइ×फस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेज़ी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इज़ा×फा हुआ है। सरकार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए काम करते हुए एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की समृद्ध एवं शक्तिशाली परम्पराओं यानी योग, आयुर्वेद आदि को बल दे रहे हैं। वे आधुनिक चिकित्सा को सस्ता एवं जनसुलभ बनाने के लिये भी योजनाएं ला रहे हैं। इन्हीं सन्दर्भों में सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों दायर इस याचिका में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग समयोचित एवं सूझबूझभरा प्रयास है। ऐसा करने से जहां एक बड़ी आबादी को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगी, वहीं पारंपरिक चिकित्सा को भी बढ़ावा मिलेगा।

भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है। इससे न सरकार पर ज्यादा बोझ आएगा और न जनता पर, बल्कि स्वास्थ्य बीमा का विस्तार होने से देश की कुल चिकित्सा लागत में कमी ही आएगी। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। लगभग 55 करोड़ लोग इसके दायरे में आते हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी अब भी इसके लाभ से छूटी हुई है। पारंपरिक चिकित्सा और भी लोगों को जोड़ सकती है। इसको तेजी से विकसित कर व्यक्ति-व्यक्ति एवं घर-घर पहुंचाया जा सकता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए सरकार ने काम शुरु कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह से भारत का पारंपरिक ज्ञान दुनिया को सेहतमंद रखने में योगदान दे सकता है। इस दिशा में रिसर्च और इनोवेशन पर ध्यान दिया जा रहा है। याचिका में उठाई गई मांग को पूरा करके सरकार अपने काम को ही आगे बढ़ाएगी एवं दुनिया के लिये एक स्वास्थ्य उजाला करेगी।

दुनिया में आयुर्वेद एवं योग दोनों की मांग बढ़ रही है। बाजार की दृष्टि से देखें, तो इसकी ग्रोथ रेट 15 प्रतिशत से अधिक है। साल 2014 में आयुष का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 2.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 2020 में बढ़कर 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। अमेरिका और यूरोप समेत 100 से अधिक देशों में भारत के हर्बल प्रॉडक्ट एवं आयुर्वेद इलाज पहुंच रहा है। आयुष्मान भारत के तहत इसे लाने से इसमें और तेजी आएगी। मांग बढ़ेगी तो जाहिर है कि उत्पादन भी बढ़ाना होगा। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के मौके बनेंगे, आर्थिक प्रगति होगी। भारत के आयुर्वेद का दुनिया बाजार बनेगी। इससे निश्चित ही भारत के दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने को बल मिलेगा।



आयुर्वेद को दुनिया भर में स्वीकृत सबसे पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में से एक माना जाता है। आयुर्वेद में, पौधों, खनिजों, पशुओं से प्राप्त उत्पादों, आहार, व्यायाम, संयमित जीवनशैली और प्राकृतिक जीवन को शामिल किया जाता है। आयुर्वेद की शुरुआती अवधारणाएं अथर्ववेद में बताई गई हैं। इस पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली में प्राचीन ज्ञान का अभी भी पूरी तरह से पता नहीं लगाया गया है। विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के समृद्ध ज्ञान के संगम से हर्बल दवा खोज प्रक्रिया में नए रास्ते खुल सकते हैं। इन प्रणालियों के सैद्धांतिक सिद्धांतों के बीच अंतर और समानता की समझ की कमी, पौधों पर आधारित दवाओं की खोज में अन्य बाधाओं के अलावा उनके अभिसरण की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है। इस समीक्षा का उद्देश्य आयुर्वेद के सदियों पुराने इतिहास और बुनियादी सिद्धांतों को सामने लाना है। इससे नवोदित विद्वानों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों को पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की गहरी समझ हासिल करने, समानताओं को मजबूत करने और ऐसी औषधीय प्रणालियों की वैश्विक स्वीकृति और सामंजस्य की चुनौतियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सदियों से आज तक जीवित और समृद्ध रही है। इस प्रकृति आधारित चिकित्सा के विशाल ज्ञान, मानव शरीर की संरचना और प्रकृति के साथ कार्य करने के संबंध और ब्रह्मांड के तत्व में समन्वय में कार्य करते हैं और जीवित प्राणियों को प्रभावित करते हैं, के साथ यह प्रणाली आने वाले युगों में भी समृद्ध होने की संभावनाओं को ही उजागर कर रही है। शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा अभी भी कई रास्ते तलाशे जाने बाकी हैं ताकि इस ज्यादा सुरक्षित, कारगर एवं कम खर्चीली पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को जीवंत बनाकर स्वास्थ्य की चुनौतियों को कमतर किया जा सके। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनसे बचाव में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति कारगर साबित हो सकती है। केंद्र ने कुछ अरसा पहले ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल करने की मंजूरी दी थी। पारंपरिक चिकित्सा बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकती है। आयुर्वेद दवाओं के साथ-साथ असाध्य बीमारियों को दूर करने में सहज, प्रकृतिमय और चिन्तामुक्त जीवन, शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा-पानी, सात्विक-संतुलित आहार और भरपूर मेहनत को बल दिया जाता है। महानगरों की भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आदमी मात्र मशीन बनकर रह गया है। अपने स्वास्थ्य के बारे सोचने एवं समझने का समय भी उसके पास नहीं है। विकास की तीव्र गति से उपजी अति तनावपूर्ण जीवनशैली एवं प्रतिस्पर्धाओं ने चिन्ता एवं तनावों को जन्म दिया है, जो आधुनिक बीमारियों को बढ़ाते हैं।

अनेक अनुसंधान एवं शोध में बताया गया है कि ध्यान एवं योग करने वाले व्यक्तियों की मनोविज्ञान में असाधारण रूप से परिवर्तन होता है। ऐसे व्यक्तियों में घबराहट, उत्तेजना, मानसिक तनाव, उग्रता, मनोकायिक बीमारियां, स्वार्थपरता और विकारों में कमी पाई गयी हैं तथा आत्मविश्वास, सहनशक्ति, स्थिरता, कार्यदक्षता, विनोदप्रियता, एकाग्रता आदि गुणों में वृद्धि देखी गयी है। ये ध्यान-साधना एवं योग में प्रत्यक्ष लाभ अनुभूत किये गये हैं जो तरह-तरह की बीमारियों पर नियंत्रण का सशक्त माध्यम है। इसीलिये आधुनिक बीमारियों को परास्त करने के लिये इन गुणों युक्त जीवनशैली को अपनाया जाना चाहिए। सम्पूर्ण आस्था एवं विश्वास के साथ जीवनरूपी प्रयोगशाला में इसे प्रायोगिक रूप देकर जीवन में तरह-तरह की बीमारी रूपी-राक्षस को निस्तेज करके जीवन में आनन्द का अवतरण किया जा सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि शारीरिक निष्क्रियता भी बीमारियों की जड़ है। शारीरिक गतिविधि जैसे नियमित रूप से योग-व्यायाम और खेलकूद से वजन को नियंत्रित किया जा सकता है और इससे ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल में रखा जा सकता है। योग एवं आयुर्वेद में आशावादी दृष्टिकोण एवं आहार संयम को अपनाने की बात की जाती है। किसी भी बीमारी से लड़ने के लिये संकल्प जगाने एवं प्रमाद त्यागने पर बल दिया जाता है। संतुलित जीवन जीने एवं तनावों-दबावों को अपने पर हावी न होने देने के साथ आयुर्वेद दवाओं को उपयोग में लाया जाता है, जिससे बीमारी पर नियंत्रण करने का प्रभावी असर देखने को मिलता है। सोचो, जिन्दगी मात्र जीने के लिये नहीं, स्वस्थता एवं सरसता से जीने के लिये हैं और योग-आयुर्वेद उसका अचूक उपाय है। आयुर्वेद एवं योग रूपी जीवनशैली, इच्छाशक्ति, योग-साधना और स्वस्थ आहार आदतों से तरह-तरह की बीमारियों को रोका जा सकता है।

# बदलते भारत की बदलती तस्वीर



जया वर्मा सिन्हा

विविधताओं से भरा अपना देश निराला है। अपने यहाँ, चीज़ों को अलग नज़रिए से देखने की प्रशस्त परंपरा रही है। हमारे लिए गंगा और गोदावरी सिर्फ़ नदियों के नाम नहीं, जीवन दायिनी माँ के पर्यायी हैं। संगीत, कानों को सुख देने का सिर्फ़ साधन नहीं, सुरों की साधना का ज़रिया है। कुछ वैसे ही, हम देशवासियों के लिए, भारतीय रेल, महज़ एक अदद इंजन और डेढ़ दर्जन डिब्बों से लैस गाड़ी नहीं, घर परिवार से दूर जीविकार्जन कर रहे हमारे श्रमिकों, किसानों, जवानों और करोड़ों नागरिकों का अपने परिवारों और प्रियजनों से भावनात्मक रिश्तों को जोड़ता एक पुल है। पूरब से पश्चिम, और उत्तर से दक्षिण बिछी पटरियों पर सिर्फ़ हमारी ट्रेनें नहीं दौड़तीं - उनसे होकर रिश्तों के एहसास गुज़रते हैं। विराट भारत देश की विविधताओं को अपने अंतर में समेटे, भारतीय रेल, भारत सरकार की प्रतिनिधि भी है, और देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक भी!

इन आकांक्षाओं की अग्नि परीक्षा हर साल त्योहारों के मौसम में होती है, जब परिवार से दूर जीवन यापन कर रहे करोड़ों देशवासी अपने घरों को लौटते हैं। महानगरों की गुमनामी भरी ज़िन्दगी में, साल भर की जी तोड़ मेहनत के बाद, अपनों से मिलने के अरमान लिए ये मेहनतकश एक विशाल समूह में निकल पड़ते हैं रेल के सफ़र पर। संख्या इतनी ज़्यादा, कि अगर आपने उस परिवेश में कभी काम ना किया हो, तो देखते ही हाथ-पाँव फूल जायें। और, अगर बात त्योहार और विशेष दिनों में उमड़ते जन-सैलाब की हो, तो सिर्फ़ रेल संचालन से बात नहीं बनती। आपको रेलवे स्टेशन पर आये लोगों के सुचारू रूप से ठहरने, टिकट ख़रीदने,



जलपान आदि की भी पर्याप्त व्यस्तता करनी होती है। इसके लिए रेल अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग मिलता है। भारतीय रेल प्रशासन को करोड़ों की संख्या में आये यात्रियों को अपने गंतव्यों तक पहुँचने का कई दशकों का अनुभव है, पर अब सारी कोशिश इस अनुभव को क्रमशः सुखद बनाने की है।

अगर विदेशी मेहमानों से कभी इस विषय पर चर्चा हो, तो वे दांतों तले उँगलियाँ दबा लेते हैं। यातायात प्रबंधन की जानकारी रखने वाले कई साथी, यह सुनकर कि त्योहारों के दौरान रेलवे ने एक लाख सत्तर हज़ार ट्रेनों के फेरों के अलावा 7,700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया, हैरत में पड़ जाते हैं। अब आप, सूरत के पास स्थित औद्योगिक शहर ऊधना को ही ले लीजिये - यहाँ के रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन औसतन सात-आठ हज़ार यात्रियों का आवागमन होता है- चार नवंबर को इस छोटे से स्टेशन पर चालीस हज़ार से ज़्यादा की भीड़ उमड़ आयी। अगर, रेलवे प्रशासन ने एक टीम की तरह काम करते हुए उचित व्यवस्थाएँ ना की होती, तो यात्रियों की परेशानी का अन्दाज़ लगाना भी मुश्किल होता। त्योहार के दौरान, देश भर में सबसे अधिक आवागमन नई दिल्ली स्टेशन से हुआ।

इस अवधि में सिर्फ़ इस स्टेशन से, यात्रियों की माँग पर एक दिन मे 64 स्पेशल और 19 अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किया गया। विदेशी मेहमानों से भरी एक सभा में जब त्योहारों में रेल यात्रा की चर्चा हुई, तो एक राजनयिक यह सुनकर दंग रह गये कि इस साल अकेले छठ महापर्व के पहले, 4 नवम्बर को, लगभग 3 करोड़ लोग ट्रेन से अपने गंतव्यों तक गये, और त्योहार के दिनों में तो रेलवे ने लगभग 25 करोड़ यात्रियों को यात्रा करने में मदद की। संबंधित राजनयिक ने, हल्की मुस्कान के साथ कहा कि पाकिस्तान की कुल आबादी से ज़्यादा लोगों ने तो महज़ कुछ दिनों में ही आपकी ट्रेनों में यात्रा की!

भारतीय रेल को यह एहसास है कि देश के पूर्वी हिस्सों से बड़ी संख्या में उद्योग केंद्रों में श्रम कर रहे हमारे इन भाई-बहनों का देश के निर्माण में अहम किरदार है। जम्मू की अटल टनल से लेकर मुंबई की सी-लिंक तक, और बेंगलुरु की आई-टी प्रतिष्ठानों से लेकर दिल्ली के निर्माणाधीन भवनों तक को, पूरब की मिट्टी में रचे बसे लोगों ने अपने हाथों से गढ़ा है।

देश की सीमाओं पर तैनात फ़ौज या सीमा सुरक्षा बल के जवान हों, पंजाब के खेतों में फ़सल उगा रहे मज़दूर, सरकारी ऑफिसों तथा निजी संस्थानों में सेवारत कर्मचारी, बड़े-बुज़ुर्ग, या देश की प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थी, ये सब अपने अपने तरीक़ों से आज और आनेवाले कल के भारत को गढ़ रहे हैं। भारतीय रेल भी आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनों के लगातार विस्तार और देशभर में हजार से ज़्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन में बदलकर एक नयी और विश्वस्तरीय यात्रा पर चल पड़ी है। बदलते भारत की बदलती तस्वीर भारतीय रेल के स्वरूप मे अब उभरने लगी है।

**(लेखिका भारतीय रेल की पहली महिला चेयरमैन और सीईओ हैं।)**

# ठंड के मौसम में ऐसे करें नौनिहालों की देखभाल



प्रियंका सौरभ

चाहे हमें सर्दी पसंद हो या न हो, ठंड का मौसम आ रहा है और फरवरी तक रहेगा। जिस तरह हम गर्मियों के महीनों में रहने की कोशिश करते हैं, उसी तरह हमें सर्दियों के महीनों में भी गर्म रहने के लिए वही सावधानियाँ बरतनी चाहिए। अपने प्रियजनों, खासतौर पर अपने बच्चों को इस कठोर मौसम से बचाना बहुत जरूरी है। सर्दी से बचाने के लिए बच्चों को घरों में ही रखना विकल्प नहीं है क्योंकि संक्रमण और एलर्जी आपके घर में घुसने का रास्ता ढूँढ़ लेंगे, तो अपने बच्चों को ठंड के मौसम में सुरक्षित रखने के तरीके क्या हो सकते हैं?

**1. गर्म रहें :** यह आपको बुनियादी लग सकता है, लेकिन गर्म रहना ज़रूरी है। बच्चों को टोपी, स्कार्फ़ और दस्ताने के साथ गर्म, वाटरप्रूफ कोट पहनना चाहिए। बच्चे वयस्कों की तुलना में तेज़ी से शरीर की गर्मी खो देते हैं। इसलिए, सुनिश्चित करें कि बच्चा हर 30 से 40 मिनट में घर के अंदर ब्रेक ले रहा है।

2. सर्दियों में अपने बच्चों को कैसे कपड़े पहनाएँ: शिशुओं और छोटे बच्चों वाले माता-पिता को चाहिए, बच्चों की ज़रूरतों के हिसाब से सर्दियों के कपड़ों को एडजस्ट करें। शिशुओं और छोटे बच्चों को कपड़ों की एक और परत पहनाएँ क्योंकि वयस्क भी उन्हीं परिस्थितियों में कपड़े पहनेंगे। ठंड के संपर्क में कम से कम रहें। शिशुओं और छोटे बच्चों में वयस्कों की तरह ठंड सहन करने की क्षमता नहीं होती है। सुनिश्चित करें कि बच्चा बाहर कम समय बिताए सर्दियों के सामान पहनने की कोशिश करें। गर्म जूते, दस्ताने या स्कार्फ और टोपी पहनना न भूलें जो आपके बच्चों और शिशुओं की सेहत के लिए बहुत बड़ा बदलाव लाते हैं। घर का फ़र्श भी बहुत ठंडा होता है, मोज़े पहनने के बाद भी, बच्चों के लिए घर पर जूते रखना बेहतर होता है। फ्रॉस्टनिप और फ्रॉस्टबाइट के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। सुनिश्चित करें कि दस्ताने सूखे और गर्म हों और नाक बहुत लाल न हो।

3. सर्दियों में फ्लू और जुखाम से बचने का एक आसान तरीका: यह एक आम मिथक है कि ठंड के मौसम में जुकाम होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। फ्लू मुख्य रूप से वायरस के कारण होता है। जब बच्चे स्कूल में होते हैं और नज़दीकी संपर्क में होते हैं, तो वायरस फैलने की आशंका और भी ज़्यादा होती है, आमतौर पर श्वसन बूंदों और बाहों के ज़रिए। फ्लू संक्रमण में श्वसन रोग ज़्यादा आम है। फ्लू के टीके (खासकर छोटे बच्चों के लिए) के लिए सभी सामान्य सावधानियों का पालन करके खुद को सुरक्षित रखें।

**सर्दी और फ्लू से बचने के लिए बच्चों को ये करने के लिए कहें:** साबुन और पानी का इस्तेमाल करें। अक्सर, हाथ धोने से कीटाणुओं का प्रसार कम होता है। खांसने, छींकने, खिलौने शेयर करने और खाने से पहले नियमित रूप से अपने हाथ धोएँ। बच्चे को अपना मुंह ढकने के लिए कहें। कोहनी मोड़कर छींकने या खांसने से भी कीटाणुओं के प्रसार को रोकने में मदद मिलती है। अप टू डेट टीकाकरण। फ्लू के टीके (छह महीने से बड़े बच्चों के लिए) सहित हमेशा अपने टीके अपडेट करें।

4. अपने बच्चे को हाइड्रेटेड रखें: अगर आप ठंडी और शुष्क हवा में खेलते हैं, तो आप आसानी से तरल पदार्थ लेना भूल सकते हैं। भले ही आपको पसीना न आए, लेकिन आपको निर्जलीकरण का ख़तरा होगा। बच्चों को खेलने से पहले, खेलने के दौरान और खेलने के बाद खूब पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को वयस्कों की तुलना में ठंडे तापमान में निर्जलीकरण का अधिक ख़तरा होता है। बच्चे को बहुत सारे गर्म तरल पदार्थ जैसे गर्म पानी, गर्म हल्दी वाला दूध, कॉफी और चाय आदि पिलाएँ।'

5. सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें: हालाँकि सर्दियों में यह अजीब लग सकता है, लेकिन आपको घर के अंदर खेलते समय सनस्क्रीन लगाना होगा। बर्फ के टुकड़े आपके चेहरे पर सूरज की रोशनी को परावर्तित करते हैं। चेहरे को सनस्क्रीन से ढँकें और अपने होठों पर सनस्क्रीन के साथ थोड़ा लिप बाम लगाएँ (भले ही बाहर बादल छाए हों)।

6. स्वस्थ पोषण को बढ़ावा देता है: सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा स्वस्थ भोजन खाए। उनके आहार में सभी आवश्यक विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट शामिल करें, जो शरीर की रक्षा प्रणाली को मज़बूत करने के लिए आवश्यक हैं। अपने बच्चे को विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ जैसे संतरे, टमाटर, खरबूजे, पपीता और हरी पत्तेदार सब्जियाँ और पानी युक्त खाद्य पदार्थ जैसे प्याज, ब्रोकली, फूलगोभी, पुदीना, अदरक आदि दें। नाश्ते में काजू, बादाम और पिस्ता जैसे सूखे मेवे दें, जो पौष्टिक होते हैं। बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए रात में रोजाना शहद देना चाहिए।

7. बच्चों को नियमित रूप से व्यायाम के लिए प्रोत्साहित करें: बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मज़बूत करने और उन्हें सर्दी और अन्य बीमारियों से बचाने के व्यावहारिक और सिद्ध तरीकों में से एक नियमित व्यायाम है। इसलिए उन्हें नियमित रूप से व्यायाम करने के लिए कहें, जिससे उन्हें ठंड के दिनों में अधिक ऊर्जावान महसूस करने में मदद मिलती है। उन्हें दौड़ने, जॉगिंग करने, साइकिल चलाने या रस्सी कूदने जैसी अपनी पसंद की चीज़ों का अभ्यास करने के लिए कहें और प्रोत्साहित करें।

8. बच्चों को पार्क में मौज-मस्ती करने के लिए प्रोत्साहित करें: सर्दियों के धूप वाले दिनों में, अपने बच्चे को नज़दीकी पार्क में ले जाएँ ताकि उन्हें गर्मी महसूस हो। उन्हें अपने दोस्तों के साथ साइकिल चलाने और बाहर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही, उनके लिए प्रतिस्पर्धा दौड़ भी करें, जैसे कि उनकी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए दौड़ना।

9. बच्चे को घर के अंदर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें: अगर ठंड और हवा है और अगर आप बाहर असहज महसूस करते हैं, तो अपने बच्चों को घर के अंदर ही छोड़ना बेहतर है। कभी-कभी, बहुत ठंडा मौसम बच्चों को बाहर खेलने से रोकता है। उन्हें सर्दियों के दिनों में दोस्तों के साथ घर के अंदर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को दिनभर टीवी के सामने बैठाने के बजाय उन्हें दिमागी शक्ति, बोर्ड गेम, क्राफ्ट, पहेलियाँ आदि दें ताकि वे गतिविधियों के प्रति उत्साहित रहें।

10. नींद की दिनचर्या का पालन करें: नींद की कमी आपके बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। सुनिश्चित करें कि बच्चे को सर्दियों में 8 घंटे की पर्याप्त नींद मिल रही है। साथ ही, अपने बच्चे को जगाने के लिए एक दैनिक दिनचर्या बनाएँ और उसे हर दिन इसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें, चाहे वह स्कूल के दिन हों या छुट्टियाँ। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वे सर्दियों के दौरान आलसी हो सकते हैं और छुट्टियों में देर से उठ सकते हैं, जो स्कूल के दिनों में उनकी नींद के पैटर्न को प्रभावित कर सकता है। उन्हें सुबह जगाएँ और जॉगिंग या वार्म-अप करने के लिए पार्क में ले जाएँ।

सर्दियों में कई तरह की बीमारियाँ हो सकती हैं, खासकर बच्चों के मामले में, लेकिन अगर कुछ ख़ास टिप्स का पालन किया जाए तो इससे बचा जा सकता है। सर्दी आपके बच्चे के लिए मज़ेदार हो सकती है, खासकर अगर वे स्वस्थ और उत्पादक तरीके से समय बिताते हैं। इसलिए अपने बच्चे के लिए नीरस और उदास सर्दियों के दिनों को प्राकृतिक वातावरण का पता लगाने के लिए मज़ेदार समय में बदलें। बच्चे को कई तरह की मज़ेदार और सुरक्षित इनडोर और आउटडोर गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही, सुनिश्चित करें कि आप सभी सुझावों का पालन करें जो आपके बच्चे के समग्र स्वास्थ्य में योगदान करते हैं और सर्दियों के दिनों में बच्चे को सक्रिय और ऊर्जावान बनाए रखते हैं।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण) धौलपुर।** को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने आज हाऊसिंग बोर्ड स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रेखा यादव ने वृद्धाश्रम में दी जा रही मूलभूत सुविधाओं जैसे साफ- सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास और चिकित्सीय सुविधाओं की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोई घर, शौचालय और स्नान गृह का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टाफ को जरूरी दिशा-निर्देश दिए और वृद्धाश्रम की सुविधाओं में सुधार की बात कही। यह निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष महोदय, सतीश चंद के मार्गदर्शन में किया गया।

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा बाड़ी की बैठक में महिला गोष्ठी और संपर्क कार्यक्रम पर चर्चा



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण) बाड़ी।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा बाड़ी की बैठक का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर, धौलपुर रोड, बाड़ी में हुआ। बैठक की अध्यक्षता उपशाखा अध्यक्ष जीतेंद्र कंसाना ने की, जबकि जिला अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में 17 नवंबर को राउमावि बाड़ा हैदरशाह, धौलपुर में आयोजित होने वाली महिला विचार गोष्ठी में अधिक से अधिक महिला शिक्षिकाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, 15 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रधानाचार्य संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने की योजना भी बनाई गई। जिला अध्यक्ष और पर्यवेक्षक रघुवीर प्रसाद शर्मा ने बैठक में सभी संकुलों से समस्याएं एकत्रित कर जिला स्तर पर उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। उपशाखा अध्यक्ष जीतेंद्र कंसाना ने सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए पर्यवेक्षक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में जिला प्राथमिक शिक्षा उपाध्यक्ष महाराज सिंह मीना, जिला प्राथमिक शिक्षा सचिव संतोष कुमार सैन, कोषाध्यक्ष शिवकुमार सिंघल, जिला महासमिति सदस्य जीतेंद्र जाटव, योगेश पचौरी, सीताराम मीना, महिला शिक्षक प्रतिनिधि अनुराधा चौधरी, कल्पना बाई मीना, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि हनुमान प्रसाद पडरीवाल सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### धौलपुर में पुलिस की साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 10,000 रुपये के इनामी मास्टर माइंड गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)। धौलपुर।** पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, 10,000 रुपये के इनामी और साइबर ठगी के मास्टर माइंड देवराज परमार को गिरफ्तार किया। साइबर थाना टीम और डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए देवराज पर आरोप है। कि उसने पीड़ित ओम प्रकाश मित्तल से अमेरिका में रहने वाले उसके दोहिता मुदित बनकर कुल 6.70 लाख रुपये ठग लिए थे।

देवराज परमार एक अनुभवी ठग है, जिसने अब तक करोड़ों रुपये की ठगी की है। और ज्यादातर दूसरे राज्यों के लोगों को अपना शिकार बनाया। इस गिरोह के पर्दाफाश के बाद साइबर ठगी के मामलों में एक बड़ी कड़ी टूट गई है।

इस कार्रवाई के लिए सीओ सिटी मुनेश कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत की। आईजी राहुल प्रकाश भरतपुर, और पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में यह ऑपरेशन सफल हुआ, जिससे धौलपुर जिले में साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। देवराज की गिरफ्तारी से यह साफ हो गया है। कि पुलिस अब साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। और इस तरह की ठगी में शामिल गिरोहों को सख्ती से निपटा जाएगा।

# टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के तहत तंबाकू मुक्ति के लिए हुआ शपथ ग्रहण समारोह

चमकता राजस्थान

**धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी, 16 नवंबर 24 को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बालिका नवीन बाड़ी में तंबाकू मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन प्रभात संस्थान धौलपुर एवं युवा चेतना समिति बाड़ी धौलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया गया। प्रभात संस्थान के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है। धूम्रपान के दुष्प्रभाव इन आंकड़ों के माध्यम से देख सकते हैं। कि पूरे भारतवर्ष में लगभग 15 लाख मौत धूम्रपान की वजह से हो जाती है। और जो लोग धूम्रपान करने के बाद धुआ बाहर छोड़ते हैं। उसके प्रभाव से लगभग 1 लाख




लोगों की मौत हो जाती है। अगर राजस्थान की बात करें, तो प्रत्येक दिन लगभग 200 मौतें हो जाती है। और साल भर में लगभग 80000 लोग धूम्रपान की वजह से अपनी जान गवा देते हैं।लगभग राजस्थान में आधी आबादी युवाओं की है। जो की तेजी से नशे की जकड़ में आता जा रहा है। इसलिए युवाओं को बचाने के लिए टोबैको फ्री यूथ कैंपेन चलाया जा रहा है।जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। युवा चेतना समिति के अध्यक्ष रामदास तरुण ने बताया कि विद्यालय से 100 गज की दूरी में गुटखा तंबाकू बेचना दंडनीय अपराध है। और अगर विद्यालय परिसर में या सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करते हुए, या बेचते हुए पाया जाता है, तो कानून के तहत 200 चालान कट सकता है। इस कार्यक्रम के मौके पर प्रधानाचार्य पप्पू सिंह रावत द्वारा सभी बच्चों को मीठी सुपारी , तंबाकू, बीड़ी .... या किसी भी प्रकार का धूम्रपान नहीं करने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी उपस्थित बच्चों को शपथ ग्रहण समारोह मैं सभी बच्चों और समस्त स्टाफ ने संकल्प लिया गया कि भविष्य में कभी भी धूम्रपान नहीं करेंगे और अपने परिचितों को धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही अपने विद्यालय को धूम्रपान मुक्त बनाने के लिए भी पूरा प्रयास की करेंगे। इस अवसर पर संस्थान की ओर से राकेश कुमार, रामदास तरुण तथा स्कूल स्टाफ की ओर से प्रधान प्रधानाचार्य पप्पू सिंह ,रीना, मीना, अनीता मीणा, बलवीर मीणा, दीपिका मंगल, संगीता मीणा , निशा कुशवाह, अमीर बानो, हेमलता गर्ग ,शारदा गुर्जर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित तरह रहो।

## नेटथिएट पर राजस्थानी नाटक चौखा की आस

### कलाकारों की दमदार प्रस्तुति से सफल रहा नाटक

चमकता राजस्थान

जयपुर। जयपुर नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नाद सोसायटी के रंगमंडल द्वारा अनिल मारवाड़ी द्वारा लिखित और निर्देशित ढुढाडी भाषा का नाटक चोखा की आस का सफल मंचन किया गया ।

नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि इंसान भक्ति करता है तो उसे भगवान फल जरूर देता है लेकिन जब उसका परिवार लालची बन जाता है तो बर्बाद होता है ।

● **कथाकार**

गांव के पंडित जी भजन गाने का शौक रखते हैं लेकिन उनकी पत्नी इस बात से जलती है । इस भजन गाने की शौक से वह अपना घर का



खर्चा नहीं चला पाता एक बार इस बात पर पंडिताइन झगड़ा कर लेती है और पंडित जी की बेज्जती कर घर से बाहर निकाल देती है । पंडित इसे अपनी बेइज्जती समझ आत्महत्या करने के लिए चले जाते। जंगल में उन्हें एक हंस मिलता है और वह उन्हें भजन गाने की एवज में एक खजाने का पता देता है। जो की एक शेर की गुफा होती है किंतु पंडित जी थोड़ा सा धन लेकर चले जाते हैं, जब इस बात का पंडिताइन को पता चलता है तो बड़ी नाराज होती है और फिर से जंगल जाने के लिए कहती है, पंडित जी दोबारा हंस के पास जाते है तो वहां हंस की जगह एक कौवा मिलता है वो पंडित जी को गुफा से सारा धन ले जाने के लिए कहता है। किंतु जैसे ही पंडित जी गुफा में जाते है तो वहां शेर आ जाता है और उन्हें मार कर खा जाता है और पंडित जी की मृत्यु हो जाती है । इस नाटक में वरिष्ठ रंग कमी मनोज स्वामी, रेनू सनाढ्य, अर्जुन देव, धृति शर्मा, जिवतेश शर्मा ने अपने पात्रों को जीवंतता से जी कर अभिनय की दर्शकों पर छाप छोड़ी।

नाटक में भजन कलाकारआनंद पुरोहित ने अपने भजनों से नाटक को ऊंचाइयां दी । मजीरे पर आयुष पुरोहित सहयोगी कलाकार योगेश शर्मा रहे।

कार्यक्रम में खुश खरीद की देवेंद्र सिंघवी की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए ।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी संगीत एवं प्रकाश अंकित शर्मा नोनू और मिहिजा शर्मा की रही ।

### जयपुर दोनों वर्गों के फाइनल में

## बालक वर्ग में श्रीगंगानगर से व बालिका वर्ग में हनुमानगढ़ से मुक़ाबला





चमकता राजस्थान

जयपुर, 16 नवंबर। जयपुर के लड़के व लड़कियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जालोर में खेली जा रही चार दिवसीय 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता-2024-25 के दोनों वर्गों के फाइनल में प्रवेश कर लिया। रविवार को खेले जाने वाले खिताबी मुक़ाबलों में लड़कों में जहां जयपुर का मुक़ाबला श्रीगंगानगर से होगा, वही लड़कियों में जयपुर मुक़ाबला हनुमानगढ़ से होगा। इससे पहले बालक वर्ग में तीसरे स्थान के लिये सीकर का मुक़ाबला ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी-श्रीगंगानगर से होगा। बालिका वर्ग में यह मुक़ाबला जोधपुर व

### राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन आज

चूरु के बीच होगा।

शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुक़ाबलों में बालक वर्ग में जयपुर ने सीकर को 16-08 से तथा श्रीगंगानगर ने ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी-श्रीगंगानगर को 15-07 से हराया। बालिका वर्ग में जयपुर ने जोधपुर को 18-05 से तथा हनुमानगढ़ ने चूरु को 18-11 से हराया।

● **इससे पहले खेले गये क़ार्टर फाइनल मैचेस के परिणाम:-**

बालक वर्गः- जयपुर ने एसटीसी नोजगे-श्रीगंगानगर को 18- 8 से, श्रीगंगानगर ने चित्तौड़गढ़ को 15- 10 से, सीकर ने माही हैंडबॉल अकादमी-बांसवाड़ा को 20- 13 से व ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकैडमी ने महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकैडमी को 12 -8 से हराया। बालिका वर्गः- जोधपुर ने श्रीगंगानगर को 13- 8 से, हनुमानगढ़ ने भीलवाड़ा को 21- 14 से, जयपुर ने बाड़मेर को 10- 2 से व चूरू ने झुंझुनू, को 12- 2 से हराया।

प्रतियोगिता के बालक वर्ग के सर्वश्रेष्ठ बालक खिलाड़ी को स्व. अमृत कुमार नाटा तथा बालिका वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को स्व. इरफ़ान अली गौड़ की स्मृति में नक़द पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

### दो अलग-अलग सर्राफा दुकान की शटर तोड़ कर चोरी करने का प्रयास

● **दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हुए तीन बदमाश, घटना को लेकर व्यापारियों में रोष**



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** कस्बे में देर रात तीन बदमाशों ने सिंधी कॉलोनी में स्थित दो सर्राफा दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि, बाद में समीपवर्ती मन्दिर से जागरण कर घर लौट रही महिलाओं को देख अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना सर्राफा व्यापारियों ने पुलिस को दी। लेकिन, सर्राफा दुकान में लगे सीसीटीवी में तीन बदमाश कैद होने के बावजूद पुलिस को अज्ञात बदमाशों का सुराग तक नही लग सका। उधर, घटना को लेकर व्यापारियों में पुलिस के खिलाफ रोष नजर आ रहा।

सूत्रों की मानें तो किशोरी ज्वैलर्स के मालिक भरत बंसल व गर्ग ज्वैलर्स के मालिक मनोज गर्ग शुक्रवार देर शाम अपनी दुकान बंद कर घर गए। इसी दौरान देर रात करीब 12.50 पर तीन अज्ञात बदमाशों ने सरियों से शटर व ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। इतना ही नही दुकान के बहार लगे सीसीटीवी कैमरों से भी छेडछाड़ की। दुकान खोलने दौरान सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देख व्यापारियों ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि, इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

### असंतुलित होकर खेत में पलटी कार, हादसे में दो रशियन युवती घायल

● **नदबई उपजिला चिकित्सालय में कराया भर्ती, गोवर्धन परिक्रमा कर जयपुर जा रही विदेशी निवासी युवती**



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव रायसीस के समीप सड़क पर आवारा जानवर को बचाने की जुगत में विदेशी पर्यटकों की कार असंतुलित होकर खेत में पलट गई। जिसके चलते कार में सवार दो रशियन युवती घायल हो गई। समीपवर्ती लोगों ने घायल युवतियों को गाडी से निकालते हुए 108 एम्बूलेंस की सहायता से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने भी मौके पर जांच पडताल की। वही, विदेशी युवतियों को उपचार कर दूसरे वाहन की सहायता से जयपुर रवाना किया। सूत्रों की मानें तो रशिया निवासी ईरीना पुत्री यूरीयम अपनी साथी येकेचरीना के साथ गोवर्धन परिक्रमा कर जयपुर जा रही। इसी दौरान गांव रायसीस के समीप आवारा जानवर को बचाने की जुगत में गाडी असंतुलित होकर खेत में पलट गई। जिसके चलते दोनों विदेशी युवती घायल हो गई। बाद में प्राथमिक उपचार कर दोनों विदेशी युवतियों को दूसरे वाहन से जयपुर रवाना किया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

## बाल दिवस पर विक्टर स्कूल में भव्य बाल मेला और प्रतियोगिताओं का आयोजन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर( रामदास तरुण) बाड़ी।** विक्टर इन्फेंट स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य बाल मेला और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए, जिनमें चना मोठ, पानी पुरी, भेलपुरी, इडली सांभर, फ्रूट चाट, चाट पापड़ी, जलजीरा, समोसा, ब्रेड पकोड़ा, मंगोड़ा और रसगुल्ला जैसे स्वादिष्ट और लोकप्रिय व्यंजन



थे, जो उपस्थित आगंतुकों को बेहद पसंद आए, कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनीता बंसल और व्यवस्थापक आकाश बंसल ने फीता काटकर किया। स्कूल संचालक आशीष बंसल ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बच्चों की भागीदारी को प्रेरणादायक बताया और माता-पिता तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बच्चों को इस आयोजन के लिए प्रेरित किया। मेले में आयोजित प्रतियोगिताओं में सबसे स्वच्छ, सबसे स्वादिष्ट और सबसे सुंदर स्टॉल को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ और अन्य अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिनमें गरिमा बंसल, अनीता बंसल, काजल अग्रवाल, अमरीन खान, रचना परमार, लवली गोयल, प्रियंका जिंदल, मुस्कान शर्मा, साधना शर्मा, तनीषा शर्मा, शिवानी शर्मा, सुशीला इंदौरिया, रिंकू गर्ग, आदित्य शर्मा, चाँद बाबू, राजकुमार बंसल, केदार सर, सुनील शर्मा, सौरभ गोयल, नेहा शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा, पवन शर्मा और मोहिनी सोलंकी आदि प्रमुख थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बारां जिले की थाना अटरू पुलिस ने किया मंडी व्यापारी के यहा हुई 50 लाख की चोरी का खुलासा

- दो आरोपी गिरफ्तार, चुराये गये 16 तोला सोने के व 01 किलोग्राम चांदी के आभुषण बरामद



**चमकता राजस्थान।** जयपुर/बारां (खलील कुरैशी) 16 नवम्बर। जिले की अटरु पुलिस ने 11 महीने पहले कस्बे में मंडी व्यापारी के यहां हुई 50 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के गहने एवं 4.50 लाख नकद रुपये की चोरी का खुलासा कर दो आरोपियों सुमित माली पुत्र सुन्दर लाल (21) एवं अजय माली पुत्र सत्यनारायण (25) निवासी हाट चोक अटरु को गिरफ्तार कर चुराए गए 16 तोले सोने के एक किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि 7 जनवरी की रात कस्बा अटरु मे अज्ञात चोर व्यापारी नवलकिशोर महाजन (64) के घर मे घुसकर करीब 54 तोला सोने के एवं 4 किलोग्राम चांदी के आभुषण एव नगदी 4,50,000 चुराकर ले गये थे। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। एसपी राज कुमार चौधरी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी द्वारा बढती चोरियों पर अंकुश लगाने व इस प्रकरण का खुलासा करने के निर्देश दिये गये। वृताधिकारी वृत अटरू पुष्पेन्द्र आढा के सुपरविजन में एसएचओ छुट्टन लाल मीणा मय जाप्ता व पुलिस अधीक्षक कार्यालय से साईबर टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी सहायता एंव मुखबिरों की मदद से चोरी के मुख्य आरोपी सुमित माली व अजय माली को डिटेन कर पुछताछ की गई।गिरफ्तार आरोपियों के पास से चुराये गये करीब 16 तोला सोने के जेवरात व 01 किलो चांदी के जेवरात जप्त किये गये है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शेष माल की बरामदगी एवं चोरी की वारदात मे सलिप्त अन्य आरोपियो के बारे मे भी अनुसंधान जारी है।

### अजमेर प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग

- टोंक में पिछले दिनों हुए पत्रकारों पर हमले की करी कड़े शब्दों में निन्दा



**चमकता राजस्थान। जयपुर /अजमेर।( खलील कुरैशी)!** अजमेर प्रेस क्लब ने शनिवार को जिला कलेक्टर लोक बंधू को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने और पत्रकारों की सुरक्षा के निर्देश जारी करने की मांग की गई। ज्ञापन में पिछले दिनों टोंक जिले में कवरेज के दौरान पत्रकार अजीत सिंह शेखावत और कैमरामैन धर्मेन्द्र कुमार के साथ उग्र भीड़ द्वारा मारपीट की घटना बेहद निंदनीय बताया है।अजमेर प्रेस क्लब से जुड़े सभी पत्रकारों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की घटनाओं पर तुरंत और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रेस क्लब के महासचिव नवाब हिदायत उल्ला ने राज्य सरकार से मांग करते हुए प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करने की मांग की है, ताकि सभी पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जा सके। साथ ही पूर्व में जारी गाइड लाइनों के अनुसार पत्रकारों के साथ व्यवहार करने हेतु संबंधित विभागों, पुलिस थानों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करने का आदेश जारी करने की भी मांग की है। अजमेर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज दाधीचने कहा कि कुछ समय पहले ब्यावर में कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ भी इसी प्रकार की घटना घटित हुई थी, लेकिन अभी तक उस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने जिला कलेक्टर से इस प्रकरण में तुरन्त संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर अजमेर प्रेस क्लब से जुड़े सभी पत्रकार मौजूद रहे।


## चूल्हे पर बनी मक्के की रोटियां और साग खाई

# दीया कुमारी पहुंची बेस्ट टूरिस्ट विलेज का खिताब पाने वाले राजस्थान के देवमाली गांव

चमकता राजस्थान





**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शनिवार को देश के बेस्ट टूरिस्ट विलेज का खिताब पाने वाले राजस्थान के देवमाली गांव पहुंचीं। राजस्थान के ब्यावर जिले में मसूदा उपखंड में आने वाला देवमाली गांव अब अपनी ग्लोबल पहचान बनाएगा। इस साल देवमाली को देश के बेस्ट विलेज का दर्जा मिला है। यहां लोगों के पास लग्जरी कारें तो हैं, लेकिन मकान कच्चे हैं। फर्श, छत, दीवारें, रसोई से लेकर बाथरूम तक सब कच्चे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गांव का हर शख्स करीब 1100 साल पुराना भगवान देवनारायण को दिया वचन निभा रहा है। डिप्टी सीएम और राजस्थान की पर्यटन मंत्री दीया कुमारी इस देवमाली गांव पहुंची। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देवमाली गांव हमारी सदियों पुरानी परंपराओं को आज भी जीवित रखे हुए है। ऐसे में ये हम सब की जिम्मेदारी है कि इस गांव के विकास के लिए हरसंभव प्रयास हो तथा यहां आने वाले पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाए। दीया कुमारी ने गांव के मुख्य चौराहे पर मौजूद 'आई लव देवमाली' के पास खड़े हो कर सभी पर्यटकों को देवमाली आने का निमंत्रण भी दिया।

इस दौरान मसूदा विधायक विरेंद्र सिंह कानावत ने डिप्टी सीएम दिया कुमारी से मंदिर के लिए रोप-वे और ब्यावर से मसूदा तक फोरलेन सड़क की मांग की है, जिससे देवमाली आने वाले श्रृद्धालुओं को सुविधा मिल सके। इसी के साथ उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से ग्रामीणों ने मोबाइल टावर नहीं होने और कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं होने की बात कही, जिस पर उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को तुंरत दिशा निर्देश दिए। इसी के साथ देवनारायण बोर्ड के चेयरमैन ओमप्रकाश भड़ाना ने भी डिप्टी सीएम का धन्यवाद किया ।

वहीं डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने गांव के मुख्य चौराहे पर मौजूद 'आई लव देवमाली' के पास खड़े होकर सभी पर्यटकों को देवमाली आने का निमंत्रण भी दिया। अब देखने वाली बात ये होगी कि इस गांव को ट्यूरिज्म विलेज घोषित होने के बाद कितना फायदा होगा ये तो यहां आने वाले ट्यूरिस्टों पर ही निर्भर होगा ।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ग्रामीणों से बातचीत और गांव की गलियों का भ्रमण किया. इस दौरान गांव की महिलाओं ने उनके सम्मान में परंपरागत लोक गीत भी गाए. दीया कुमारी ने गांव में एक परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर दोपहर का भोजन भी किया. उन्होंने चूल्हे पर बनी मक्के की रोटी, छाछ, राबड़ी और साग का आनंद लिया. उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के देवमाली दौरे के दौरान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भढ़ाना और विधायक वीरेंद्र सिंह समिति कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर के निर्देशन में जिलेभर में अधिकारियों ने परखी स्कूलों का व्यवस्थाऐं

चमकता राजस्थान




भरतपुर,(राजवीर सिंह)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशन में शनिवार को जिलेभर में प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता, भवन की स्थिति, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं योजनाओं में पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित की स्थिति का जायजा लिया। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने जिला मुख्यालय स्थित महाराजा बदनसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता का परखा तथा विषयवार कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण कर भवन की स्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा क्षतिग्रस्त भवनों को हटवाने एवं नवीन कक्षों के निर्माण का प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी कमियों को समय पर एसडीएमसी के माध्यम से ठीक कराया जाये। उन्होंने कहा कि आने वाले सर्दी के मौसम एवं मच्छरों से बचाव के लिए कमरों की खिडकियों के टूटे हुए शीशे एसडीएमसी के माध्यम से जाली के साथ नये लगवाने की कार्यवाही शीघ्र करायें।

जिला कलक्टर ने कहा कि पुराने जर्जर भवन के अनुपयोग को दखते हुए इसे नगर विकास न्यास के माध्यम से जमीदोज करायें जिससे किसी प्रकार का हादसा नहीं हो। उन्होंने कमरे में आनी वाली सिलन को रोकने के लिये पानी की टंकी के नल को प्लम्बर द्वारा बदलवाने के निर्देश दिये। उन्होंने शौचालय की साफ सफाई एवं भवन की छतों की साफ-सफाई लेबर लगाकर करवाने, सीढ़ियों की साफ-सफाई एवं पेड़ों की कटाई करवाने हेतु लेबर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय की मरम्मत हेतु राशि के लिये प्रस्ताव बनाकर समसा के माध्यम से करवाये जाने की कार्यवाही करें जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकालय काम आ सके। उन्होंने कमरों की देहरी को एसडीएमसी से माााध्यम से हटवाने के निर्देश भी दिये

जिला कलक्टर ने विद्यालय की पुरानी प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा असुरक्षित घोषित किये जाने पर जमीदोज कर नयी प्रयोगशाला बनाने हेतु प्रस्ताव एसडीएमसी के माध्यम से समसा को भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय के मैदान को पक्का होने पर दौड़ के लिये ट्रेक व बास्केट बाल के लिये ग्राउण्ड तैयार कराया जाये।

जिलेभर में 14 अधिकारियों ने किया 31 स्कूलों का निरीक्षण-जिला कलक्टर के निर्देशन में जिलेभर में 14 प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा 31 स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, परिसर में साफ-सफाई, भवन की उपयोगिता, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों का उपयोग की स्थिति तथा विभागीय योजनाओं का विद्यार्थियों को लाभ की स्थिति को देखा। निरीक्षण दल में जिला कलक्टर के अतिरिक्त, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा सहित जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी, एसीईओ जिला परिषद, जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार शामिल रहे।

### विधायक रामस्वरूप लांबा ने कानपुरा व बनेवडी में विकास कार्यों के किये उद्घाटन



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक /अजमेर/ नसीराबाद।** विधायक रामस्वरूप लांबा ने कानपुरा में विकास कार्यों के उद्घाटन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनेवडी में दो कक्षा कक्ष , बनेवडी में आंगनबाड़ी के पास दो टीन सेट, बनेवडी में तेजाजी मंदिर खुला बरामदा निर्माण वह माताजी मंदिर में खुले बरामदे पर टीन सेट, कानपुरा में सार्वजनिक के मैदान में चार दिवारी, कानपुरा में गोड मोहल्ले में बरामदे का निर्माण, कानपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो कक्षा कक्ष निर्माण, कानपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीन सेट कार्य, ग्राम पंचायत के सामने चार दीवारी निर्माण कार्य, विधायक द्वारा किया गया उद्घाटन, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राम सिंह रावत, सरपंच सुमन महेश्वरी, पूर्व सरपंच एवं समाज सभी भगवान महेश्वरी रामराज जाट उपसरपंच प्रतिनिधि, शंभू सिंह सियार प्रतिनिधि, मुझे प्रेम राज चौधरी भाजपा देहात मंत्री,ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रजापत ,उप सरपंच सहित कई भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण रहे मौजूद, विधायक रामस्वरूप लांबा राजस्थान सरकार भारत सरकार की योजनाओं के बारे में दी जानकारी कानपुरा में विकास कीए उद्घाटन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनेवडी में दो कक्षा कक्ष , बनेवडी में आंगनबाड़ी के पास दो टीन सेट, बनेवडी में तेजाजी मंदिर खुला बरामदा निर्माण वह माताजी मंदिर में खुले बरामदे पर टीन सेट, कानपुरा में सार्वजनिक के मैदान में चार दिवारी, कानपुरा में गोंड मोहल्ले में बरामदे का निर्माण, कानपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो कक्षा कक्ष निर्माण, कानपूरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीन सेट कार्य, ग्राम पंचायत के सामने चार दीवारी निर्माण कार्य, विधायक द्वारा किया गया उद्घाटन, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राम सिंह रावत, सरपंच सुमन महेश्वरी, पूर्व सरपंच एवं समाज सभी भगवान महेश्वरी रामराज जाट उपसरपंच प्रतिनिधि, शंभू सिंह सियार प्रतिनिधि, मुझे प्रेम राज चौधरी भाजपा देहात मंत्रीग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रजापत ,उप सरपंच पसहित कई भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण रहे मौजूद, विधाय राजस्थान सरकार भारत सरकार की योजनाओ के बारे में दी जानकारी

## मीडिया और सरकार के बीच सकारात्मक सहयोग पर कार्यक्रम संपन्न

# राइजिंग राजस्थान में मीडिया सरकार और समाज के बीच सेतुः कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठोड

चमकता राजस्थान





जयपुर। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर शनिवार को राइजिंग राजस्थान में मीडिया की भूमिका कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा मीडिया की सकारात्मक भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, मीडिया, और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुआ। उन्होंने कहा कि मीडिया सरकार और समाज के बीच एक सेतु का कार्य करता है और राइजिंग राजस्थान के निर्माण एवं सफलता में इसकी अहम भूमिका है। उन्होंने युवाओं सहित हर वर्ग के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया को समाज के समक्ष सरकार के सकारात्मक कार्यों को उजागर करना चाहिए। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के निर्माण में मीडिया की भूमिका को सराहा।

ब्रह्माकुमारीज जयपुर सबज़ोन प्रभारी राजयोगिनी सुषमा दीदी ने कहा कि मीडिया समाज में नई चेतना लाने का सशक्त माध्यम है। राजयोग के अभ्यास से मीडिया सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर सकता है और भय के माहौल में समाज को संतुलन प्रदान कर सकता है।

पंकज ओझा, अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा ने खाद्य सुरक्षा में राजस्थान की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया कि राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर 18वें स्थान से 6वें स्थान तक की छलांग लगाई है, जिसमें मीडिया की भूमिका सराहनीय रही।

वरिष्ठ पत्रकार राजन महान ने मीडिया कर्मियों से ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने सरकार द्वारा विभिन्न कंपनियों के साथ किए गए अनुबंधों को धरातल पर उतारने की आवश्यकता पर बल दिया।

पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने पत्रकारों से सामाजिक सद्भाव और पत्रकारिता धर्म का पालन करने का आग्रह किया और सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

ब्रह्माकुमारीज जनसंपर्क अधिकारी बीके कोमल भाई ने कहा कि संस्थान मीडिया प्रभाग के माध्यम से समाज में श्रेष्ठ मूल्यों को जागृत करने का प्रयास कर रहा है।

जयपुर वैशाली नगर प्रभारी राजयोगिनी बीके चन्द्रकला दीदी ने मीडिया कर्मियों का स्वागत किया और राजयोग का अभ्यास करवाकर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की।

द राजस्थान वारियर्स सोसाइटी के अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा ने कार्यक्रम को सरकार और पत्रकारों के बीच एक मील का पत्थर करार दिया।

**समापनः**

» मीडिया प्रभारी बीके पारस ने जानकारी देते हुए बताया की कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को शॉल, स्मृति चिन्ह, ईश्वरीय प्रसाद और बैग देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन मीडिया को सकारात्मक दिशा में प्रोत्साहित करने और सरकार व समाज के बीच सुदृढ़ संबंध स्थापित करने में सफल रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने इंद्रपुरी हॉल्ट पर फुट ओवर ब्रिज का किया शिलान्यास



**नई दिल्ली।** रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने शनिवार को दिल्ली में इंद्रपुरी हॉल्ट पर फुट ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया। इसका निर्माण कार्य अगले साल जुलाई तक पूरा हो जाएगा। इस पर लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर नई दिल्ली की भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह और उत्तर रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पुराना फुट ओवर ब्रिज 55 वर्ष पुराना है और सुरक्षा कारणों से नए फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है। नए फुट ओवर ब्रिज की चौड़ाई 6.10 मीटर और लंबाई 257 मीटर होगी। पुराने की चौड़ाई 5.10 मीटर थी। इसका इस्तेमाल नारायणा गांव, इंद्रपुरी और आस-पास के निवासी और यात्री कर सकेंगे। यह फुट ओवर ब्रिज दिव्यांगजनों के सुगम आवागमन के लिए डिजाइन किया गया है जिससे की उन्हें कोई असुविधा न हो।

### भागवत चार दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत चार दिवसीय दौरे पर शनिवार को उत्तराखंड के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से उनका काफिला सड़क मार्ग से पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुआ। डॉ. भागवत रविवार को मुवानी स्थित नवनिर्मित शेर सिंह कार्की विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने बताया कि डॉ. भागवत लगातार देश भर में प्रवास पर रहते हैं। इसी क्रम में वे उत्तरांखड आए हैं। इस दौरे में वे कई सांगठनिक बैठकों में हिस्सा लेंगे और कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने किया गृह मतदान

**मुंबई।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को घर पर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। 89 वर्षीय पाटिल पुणे जिले के कोथरुड विधानसभा क्षेत्र की मतदाता हैं। कोथरुड विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी सुनील गाढ़े ने यह जानकारी दी। गाढ़े ने पुणे में मीडियाकर्मियों को बताया कि जिले में अब तक 85 वर्ष से अधिक उम्र के 91 वरिष्ठ नागरिक और चार दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। कोथरुड विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और फॉर्म 12डी भरने वाले दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर मतदान दर्ज किया जा रहा है। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र में कुल आठ टीमें गठित की गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के तहत चुनाव आयोग की टीम ने आज पूर्व राष्ट्रपति के आवास पर जाकर उनका मतदान दर्ज करवाया।

### भाजपा ने करतार सिंह सराभा को नमन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश को क्रूर अंग्रेजों के पंजों से मुक्त कराने के संघर्ष में फांसी पर झूलने वाले अमर शहीद करतार सिंह सराभा के बलिदान पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया। भाजपा ने आज एक्स हैंडल पर लिखा, "मात्र 19 वर्ष की आयु में देश की स्वतंत्रता के लिए फांसी के फंदे पर झूलने वाले अमर शहीद करतार सिंह सराभा के बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन।" उल्लेखनीय है कि भारत माता को क्रूर अंग्रेजों से स्वतंत्र करवाने के लिए हजारों नौजवानों ने संघर्ष किया। उन्हीं में से एक हैं पंजाब के करतार सिंह सराभा। करतार सिंह का जन्म पंजाब के लुधियाना जिला के सराभा गांव में 24 मई 1896 को हुआ था। करतार सिंह सराभा को देशद्रोह के आरोप में उनके अन्य साथियों, बख्शीश सिंह, सुरैण सिंह, (जिला अमृतसर), हरनाम सिंह (जिला सियालकोट) जगत सिंह (जिला लाहौर) और विष्णु गणेश पिंगले, (जिला पूना महाराष्ट्र) के साथ लाहौर जेल में 16 नवंबर, 1915 को फांसी पर चढ़ा दिया गया था।

### भारत ने सूरीनाम को भेजी 425 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री



**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए दक्षिणी अमेरिकी देश सूरीनाम को 425 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को एक्स पर बताया कि सूरीनाम के साथ संबंधों को आगे बढ़ते हुए भारत ने अपनी प्रतिबद्धता पूरी की है। सूरीनाम सरकार को उनके समाज कल्याण कार्यक्रम के लिए खाद्यान्न और अन्य खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति की जा रही है। लगभग 425 मीट्रिक टन की पहली खेप आज भारत से सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो के लिए रवाना हुई।

# अब आतंकवादी अपने घरों में भी असुरक्षित महसूस करते हैं : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं में तेजी से बढ़ रही स्टार्ट-अप संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार की नवाचार और उद्यमशीलता की नीतियों की बदौलत युवाओं में जोखिम लेने की संस्कृति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पहले एक कंपनी शुरू करना भी जोखिम माना जाता था, लेकिन आज भारत में 1.25 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्ट-अप हैं।



प्रधानमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में कहा कि आजादी के बाद की सरकारों ने जोखिम लेने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को हौसला नहीं दिया। इसके चलते कई पीढ़ियां एक कदम आगे और एक कदम पीछे खींचने में ही बीत गईं। उन्होंने कहा, 'बीते 10 सालों में देश में जो परिवर्तन आए हैं, उसने भारत के नागरिकों में जोखिम लेने की संस्कृति को नई ऊर्जा दी है। आज हमारा युवा हर क्षेत्र में जोखिम लेने वाला बनकर उभर रहा है। कभी एक कंपनी शुरू करना जोखिम माना जाता था। 10 साल पहले तक, मुश्किल से किसी स्टार्टअप का नाम सुनते थे, आज देश में रजिस्टर स्टार्टअप की संख्या 1.25 लाख से ज्यादा हो गई है।'

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित प्रथम बोडोलैंड महोत्सव को व्यापक मीडिया कवरेज नहीं मिलने पर चिंता जताते हुए कहा, 'अभी कल ही मैं बोडोक्षेत्र के लोगों के साथ एक शानदार कार्यक्रम में मौजूद था और मैं हैरान हूं कि दिल्ली की मीडिया ने इसे कवर ही नहीं किया। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि पांच दशक बाद बम, बंदूक और पिस्तौल छोड़ कर दिल्ली की छाती पर बोडो नौजवान बोडो संस्कृति महोत्सव मना रहे हैं।' उन्होंने इसे इतिहास की बहुत बड़ी घटना बताया और कहा कि बोडो शांति समझौते के कारण इन लोगों का जीवन बदल गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मौके पर प्रदर्शनी में उनकी नजर 26/11 के मुंबई हमले की रिपोर्ट पर भी गई। उन्होंने कहा, 'ये वो समय था, जब पड़ोसी देश की आतंकवादी हरकतों की वजह से हमारे लोग अपने घर और शहरों में भी असुरक्षित रहते थे, लेकिन अब स्थितियां बदल गई हैं। अब वहां के आतंकवादी ही अपने घर में सुरक्षित नहीं हैं।'

### भारत ने कोराना के खिलाफ एक मजबूत लड़ाई लड़कर दिखाई

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के आम नागरिक की दृढ़ता और बुद्धिमत्ता ने औपनिवेशिक संदेहों पर काबू पाने से लेकर आपातकाल, अस्थिरता और कोविड-19 महामारी जैसी चुनौतियों को हराने तक लगातार देश के भाग्य को आकार दिया है। मोदी ने कहा, 'अंग्रेज जब भारत छोड़कर जा रहे थे, तो ये कहा गया कि ये देश बिखर जाएगा, टूट जाएगा। जब इमरजेंसी लगी तो कुछ लोगों ने ये मान लिया था कि अब तो इमरजेंसी हमेशा ही लगी रहेगी। कुछ लोगों ने, कुछ संस्थानों ने इमरजेंसी थोपने वालों की ही शरण ले ली थी, लेकिन तब भी भारत का नागरिक उठ खड़ा हुआ।' उन्होंने कहा कि जब कोरोना का मुश्किल समय आया तो दुनिया को लगता था कि भारत उन पर बोझ बन जाएगा। लेकिन भारत के नागरिकों ने कोराना के खिलाफ एक मजबूत लडाई लड़कर दिखाई। प्रधानमंत्री ने 90 के दशक में 10 साल में पांच चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय देश में कितनी अस्थिरता थी। जानकारों ने अखबारों में भविष्यवाणी कर दी थी कि अब ऐसे ही चलने वाला है लेकिन भारत के नागरिकों ने ऐसे जानकारों को गलत सिद्ध किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में आज चारों तरफ अस्थिरता का माहौल दिखता है वहीं भारत में लोगों ने तीसरी बार हमारी सरकार को चुना है।

### वोट बैंक की राजनीति को लेकर पिछली सरकारों पर साधा निशाना

वोट बैंक की राजनीति को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले सरकार केवल अगला चुनाव जीतने के लिए चलाई जाती थी। इस प्रकार की राजनीति ने देश में असंतुलन और असामानता का दयारा बढ़ा दिया। इससे जनता का सरकारों पर से विश्वास टूट गया। उन्होंने कहा कि हम इस विश्वास को वापस लेकर आये हैं। हमने सरकार का उद्देश्य तय किया है। हम, जनता की प्रगति, जनता द्वारा प्रगति, जनता के लिए प्रगति के मंत्र को लेकर चल रहे हैं। हमारा उद्देश्य नया भारत बनाने और भारत को विकसित बनाने का है। यह वोट बैंक की राजनीति से हजारों मील दूर है।

### अभूतपूर्व आकांक्षा से भरा हुआ है भारत का समाज

मोदी ने कहा कि आज भारत का समाज अभूतपूर्व आकांक्षा से भरा हुआ है। इन आकांक्षाओं को हमने अपनी नीतियों का बड़ा आधार बनाया है। हमारी सरकार ने देशवासियों को बहुत अनोखा संयोजन दिया है। ये निवेश से रोजगार, विकास से गरिमा का कॉम्बो है। उन्होंने कहा कि हम विकास का ऐसा मॉडल लेकर चल रहे हैं, जिसमें निवेश हो, निवेश से रोजगार जनरेट हो, विकास हो और वो विकास भारत के नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करे।

### महाराष्ट्र में गूंज रहा है- भाजपा-महायुति के साथ गति है

# गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महायुति सरकार के ढाई साल के कार्यकाल से महाराष्ट्र के लोग काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा-महायुति के साथ गति है, गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है। महाराष्ट्र के लोग चाहते हैं कि यह सरकार अगले पांच साल तक चलती रहे।




प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के जरिए महाराष्ट्र के भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि महायुति सरकार के ढाई साल के कार्यकाल से महाराष्ट्र के लोग काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, 'मैं जहां भी गया, मैंने यह स्नेह देखा है। वो भी चाहते हैं कि अगले पांच साल यही सरकार रहनी चाहिए। महाराष्ट्र में गूंज रहा है- भाजप-महायुती आहे, तर गती आहे, महाराष्ट्राची प्रगती आहे यानी भाजपा-महायुति के साथ गति है, गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है।'

भाजपा कार्यकताओं में से एक से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महायुति सरकार समाज के हर वर्ग के सशक्तीकरण के लिए प्रयास कर रही है। हमारी सरकार और अघाड़ी सरकार के बीच यही मुख्य अंतर है और लोग इस अंतर को स्पष्ट रूप से महसूस कर सकते हैं।

कांग्रेस के बुरे इरादों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सामूहिक प्रगति की कल्पना करती है, जहां सभी को आगे बढ़ने का अवसर मिले। कांग्रेस अपने इतिहास से अच्छी तरह वाकिफ है- जब एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय कम जागरूक थे, तब उन्होंने केंद्र में पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का आनंद लिया। हालांकि, जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए, कांग्रेस का प्रभुत्व कम होने लगा। अब, कांग्रेस इन समुदायों के बीच गहरी खाई पैदा करना चाहती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका विरोध करने वाली कोई ताकत न बचे।

राधानगरी के बूथ अध्यक्ष विनोद कुलकर्णी ने मोदी से बात करते हुए बताया कि उनके बूथ के लोग सरकार की योजनाओं से बहुत खुश हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें इन योजनाओं के लाभों के बारे में लोगों को बताने, उनकी चिंताओं को सुनने और उन्हें हल करने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना की सफलता पर भी प्रकाश डाला, जिसने न केवल बिजली के बिलों को शून्य कर दिया है, बल्कि लोगों को बिजली के माध्यम से आय उत्पन्न करने में भी सक्षम बनाया है। भाजपा के शीर्ष नेता मोदी ने हर कार्यकर्ता से चुनाव के अंतिम दिनों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आग्रह किया और मतदान केंद्रों को जीतने और हर बूथ पर रिकॉर्ड मतदान कराने पर बल दिया।

### बिजनौर में भीषण हादसा, ऑटो से भिड़ी कार

# दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोगों की मौत

एजेंसी

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में शुक्रवार देर रात करीब 2.30 बजे एक कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जान गंवाने वाले सभी लोग ऑटो में सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है और जिला प्रशासन को पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं।

स्थानीय पुलिस के मुताबिक जिले के थाना धामपुर के हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाई-वे पर स्थित फायर स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात करीब 2:30 बजे यह हादसा हुआ। घने कोहरे के कारण कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी। इनमें दूल्हा और दुल्हन भी हैं। जान गंवाने वाले सभी लोग बिजनौर जिले के ग्राम तीबड़ी के रहने वाले थे। हादसे में चार पुरुष, दो महिलाएं और एक लड़की की मौत हुई है। मरने वालों में दूल्हा-दुल्हन के साथ दूल्हे की मौसी, दूल्हे का भाई, ऑटो ड्राइवर समेत सात लोग हैं। हादसे का शिकार हुआ परिवार झारखंड से निकाह करके मुरादाबाद आया था। वहां से घर आने के लिए ऑटो बुक किया था। जैसे ही ऑटो हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाई-वे पर स्थित फायर स्टेशन के पास पहुंचा, क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा और एसपी देहात राम अर्ज घटनास्थल पर पहुंचे।

ग्राम तीबड़ी निवासी खुर्शीद अंसारी अपने पुत्र विशाल (26) का खुशी (23) के साथ निकाह कर मुरादाबाद पहुंचे और यहां से ऑटो बुक करके घर आ रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। ऑटो टक्कर के बाद सामने के बिजली के पोल से टकरा गया। इसकी वजह से ऑटो में सवार सातों लोगों की मौके पर मौत हो गयी। सड़क दुर्घटना में आरोपित कार चालक शेरकोट के कोटरा मोहल्ला निवासी अमन पुत्र इमरान, सुहेल पुत्र हबीब अली घायल हुए हैं। दोनों घायलों का नगर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## जिरीबाम से अपहृत तीन बच्चों और तीन महिलाओं के शव बरामद

एजेंसी

**कछार।** मणिपुर के जिरीबाम जिले से अपहृत तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शवों को शुक्रवार की देर रात को बरामद किया गया। शनिवार को सभी के शव पोस्टमार्टम के लिए असम के कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर स्थित सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में लाया गया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात को असम राइफल्स ने असम-मणिपुर सीमा के पास बराक नदी के ऊपरी हिस्से से शव बरामद किए। कुकी उग्रवादियों द्वारा इन सभी का अपहरण कर लिया गया था।

सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की रात बरामद किए गए शवों में जिरीबाम जिलांतर्गत बडबेकरा थाना क्षेत्र निवासी युरेम्बम रानी देवी (60), तेलिम थोइबी देवी (31), उनकी बेटी तेलेम थाजामानबी देवी (8), लैशराम हेइतोम्बी देवी (35), उनके दो बेटे लैशराम चिंगहिंगानबा सिंह उम्र 2.5 वर्ष और लैशराम लामनगांमा सिंह उम्र 10 महीने शामिल हैं। इधर, जानकारी के अनुसार 11 नवंबर को मणिपुर के जिरीबाम जिले में सीआरपीएफ के साथ मुठभेड़ के दौरान मारे गए 10 संदिग्ध उग्रवादियों के शव शनिवार को मार समुदाय के लोगों और प्रदर्शनकारियों को सौंपे गए। शवों को मासिमपुर सैन्य अड्डे पर ले जाया जाएगा, जिसके बाद मणिपुर के चुराचांदपुर ले जाया जाएगा।

## राजधानी में दमघोटू प्रदूषण बरकरार, एक्यूआई 404 दर्ज

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में चौथे दिन भी प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। शनिवार को राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स 404 दर्ज किया गया है। इसे बेहद गंभीर श्रेणी में माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली में सुबह 6 बजे राष्ट्रीय एक्यूआई 404 रहा। इसे 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान के आसपास के इलाकों का एक्यूआई 357 दर्ज किया गया, जिसे 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा गया है। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई इलाकों में आज वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

## देश में सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की भूमिका महत्वपूर्ण : ओम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि लेखा परीक्षा (ऑडिट) का कार्य अपने आप में समावेशी है। किसी विभाग की कार्य कुशलता, दक्षता और कार्योत्पादकता बढ़ाने में यह मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। ऐसे में देश में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की महत्वपूर्ण भूमिका है। ओम बिरला ने चौथे लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित सीएजी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने में सीएजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने देश की लेखा परीक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, 'दुनिया के कई देश आज हमारी लेखा परीक्षा प्रणाली से सीखने के लिए भारत आते हैं। यह हमारी लेखा प्रणाली की प्रामाणिकता दर्शाता है।'




बिरला ने कहा कि सीएजी हमारी लोकतांत्रिक संरचना का प्रमुख भाग है, जिसने यह सुनिश्चित किया है कि सार्वजनिक धन का उपयोग नागरिकों के कल्याण और राष्ट्र के विकास में कुशलतापूर्वक व प्रभावी ढंग से किया जाए।

**कार्यक्रम** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजाति गौरव महोत्सव को किया सम्बोधित

# विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहे जनजाति समाज : उप राष्ट्रपति

एजेंसी

**उदयपुर।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जनजाति समुदाय को भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक ताकत बताते हुए कहा कि इनकी जीवनशैली, परंपराएं और मूल्य देश को स्थिरता और समृद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने जनजाति समाज को विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहने और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

उप राष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को उदयपुर जिले के जनजाति बहुल कोटड़ा में वनवासी कल्याण परिषद की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित जनजाति गौरव महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।




धनखड़ ने अपने संबोधन में जनजातीय समुदाय की प्रकृति के प्रति आस्था और जल व जंगल के प्रति सम्मान को वैश्विक आदर्श बताया। उन्होंने कहा, 'दुनिया जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है। यदि उन्होंने जनजातीय समाज से धरती और जल की पूजा करना सीखा होता, तो यह संकट नहीं आता।' उन्होंने देश में जनजातीय समाज की आस्था को बदलने के कुप्रयासों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'हमारी सांस्कृतिक धरोहर हमारी नींव है। इसे कमजोर करने की कोशिशें देश की एकता और विकास को नुकसान पहुंचा सकती हैं।'

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत तेजी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद अब जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, 'यह प्रगति जनजाति समाज के योगदान के बिना संभव नहीं है।' महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण से समाज में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उन्होंने जनजातीय महिलाओं द्वारा निर्मित कढ़ाई और हस्तशिल्प प्रदर्शनी 'कमली' की भी सराहना की। कार्यक्रम के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ ने समोर बाग में उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य मेवाड़ के पूर्व महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रधानमंत्री तीन देशों की यात्रा पर रवाना

# ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन में करेंगे शिरकत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को तीन देशों की यात्रा पर रवाना हो गये। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री ब्राजील में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 18-19 नवंबर, के दौरान रियो डी जनेरियो की यात्रा करेंगे। इसके अलावा गुयाना के अपने प्रवास के दौरान जॉर्जटाउन में दूसरे कैरिकॉम-भारत शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। अपनी यात्रा से पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले कुछ दिनों में वे नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना में रहेंगे। उन्हें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय कार्यक्रमों की एक



विस्तृत श्रृंखला में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे विभिन्न देशों के साथ भारत के संबंधों को गति मिलेगी। वे ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और गुयाना में कैरेबियाई नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा के दौरान वे भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

न्यूज़ अपडेट

## बिहार : कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लोगों ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

**पटना/एजेंसी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को राजधानी पटना समेत विभिन्न क्षेत्रों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। इस मौके पर मंदिरों में भी पूजा-अर्चना करने वालों का तांता लगा हुआ है।

मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान करने से जीवन के सारे पाप धूल जाते हैं तथा स्वास्थ्य एवं समृद्धि में वृद्धि होती है। पटना के एनआईटी घाट, कृष्णा घाट, एलसीटी घाट, बांस घाट, दीघा-पाटलिपुल घाट, दीघा घाट, कलेक्ट्रेट घाट तथा कटैया घाट पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पटना के अलावे राज्य के अन्य क्षेत्रों से आए लोग इन घाटों पर तो गंगा में डुबकी लगा रहे हैं और दान कर रहे है। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह और पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने भीड़ को देखते हुए चाक चौबंद व्यवस्था करने का निर्देश पहले ही दे दिया था। जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान करने और स्नान दान का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा में स्नान करने के लिए बिहार ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी यहां लोग आते है। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला क्षेत्र के समीप गंगा-गंडक संगम पर भी लाखों लोग कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर जुटे हुए है। लोग संगम में डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना कर रहे हैं। गंगा के अलावा राज्य के अन्य क्षेत्रों में कोसी, गंडक सहित अन्य नदियों के घाटों पर भी लोग स्नान कर स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

कार्तिक पूर्णिमा को लेकर बक्सर और सुल्तानगंज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। मां गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु ट्रेन से भी पहुंच रहे हैं।

इधर, मंदिरों में भी अन्य दिनों की अपेक्षा पूजा-अर्चना करने वालों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। लोग सुबह से ही स्नान कर मंदिरों में पूजा अर्चना कर रहे हैं।

## जनजातीय समुदाय को सिकलसेल एनीमिया से मुक्त कराने की पहल

**रीवा।** जनजातीय वर्ग के नायक बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर सिकलसेल एनीमिया से मुक्ति की दिशा में एक पहल हुई है। रीवा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर प्रीनेटल डायग्नोसिस ऑफ हीमोग्लोबिनोपैथीज स्थापित किया गया है।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में प्रदेश के पहले शासकीय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर प्रीनेटल डायग्नोसिस ऑफ हीमोग्लोबिनोपैथीज का लोकार्पण करते कहा है कि जनजातीय समुदाय को सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। बिरसा मुंडा की जयंती, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गांधी स्मारक चिकित्सालय को यह सौगात मिली है।

उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण केंद्र विंध्य क्षेत्र के नागरिकों, विशेषकर जनजातीय समूह के नागरिकों में रक्त जनित वंशानुगत विकारों के शोध, जांच एवं चिकित्सकीय परीक्षण के लिए समर्पित रहेगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र की स्थापना प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को एक नए आयाम पर ले जाने का प्रयास है, जिससे रक्त जनित विकारों से प्रभावित विशेष समूहों को सटीक और समर्पित चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। विंध्य क्षेत्र के नागरिकों, विशेषकर जनजातीय समुदायों में इन विकारों की व्यापकता को देखते हुए इस केंद्र की आवशयकता थी। यह केंद्र रक्त जनित वंशानुगत विकारों का गहन अध्ययन करेगा और रोग की समय पर पहचान कर चिकित्सा सेवा प्रदान करेगा।

मध्यप्रदेश में सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण के क्षेत्र में प्रयास हो रहे हैं। अब तक 80 लाख 67 हजार 135 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के प्रथम चरण में 46 लाख से अधिक लोगों को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड वितरित किए गए हैं। मध्यप्रदेश में सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण के सफल पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर पूरे देश में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की शुरुआत की गई है, जिसमें 17 राज्य शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' से किसान खुश, सरकार का जताया आभार

**नालंदा।** बिहार के किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' से बहुत लाभ मिल रहा है। इनसे वो बीज और खाद खरीद रहे हैं। नालंदा के महेंद्र प्रसाद को भी इस योजना से लाभ मिला है। उनके मुताबिक दिन अब बदल गए हैं। नालंदा जिले के बिहार शरीफ प्रखंड अंतर्गत तकिया कला गांव के किसान महेंद्र प्रसाद ने आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' का लाभ उन्हें मिला है। उन्होंने बताया कि इस बार भी दो हजार रुपए मुझे मिले हैं, जिससे खेती के कार्य में फायदा हुआ। मैंने इस राशि का उपयोग खाद और बीज खरीदने के लिए किया। किसान सम्मान निधि से खेती करने में थोड़ी मदद मिल जाती है। पहले इस तरह की कोई योजना नहीं थी, लेकिन इसके लागू होने के बाद से

बिजनौर में बड़ा हादसा

# दूल्हा-दुल्हन समेत 7 की मौत, कार ने ऑटो को मारी जोरदार टक्कर

**बिजनौर/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पर हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे पर स्थित फायर स्टेशन के पास घने कोहरे के कारण कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस



हादसे पर दुख जताया है। यह हादसा जिले के थाना धामपुर के हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे पर स्थित फायर स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात करीब 2:00 बजे हुआ। यहां पर घने कोहरे के कारण कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, इनमें दूल्हा और दुल्हन शामिल हैं। मृतक धामपुर के गांव तीबड़ी के रहने वाले हैं। हादसे में चार पुरुष, दो महिलाएं और एक लड़की की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि मरने वालों में दूल्हा-दुल्हन के साथ दूल्हे की मौसी, दूल्हे का भाई, ऑटो ड्राइवर समेत सात लोग शामिल हैं। हादसे का शिकार हुआ परिवार बिहार से निकाह करके मुरादाबाद आया था। वहां से घर आने के लिए ऑटो बुक किया था। हादसे की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में आरोपी कार चालक शेरकोट के कोटरा मोहल्ला निवासी अमन पुत्र इमरान, सुहेल पुत्र हबीब अली घायल हुए हैं।

## छात्रा को खींचकर कमरे में ले गया युवक...

### दरवाजा बंद कर पार की हैवानयित की हदें, सामने खमोश बैठी रही मां

**शाहजहांपुर/एजेंसी।**

कक्षा आठ की छात्रा को वैन चालक घर ले आया, लेकिन उसकी मां ने कुछ नहीं पूछा। वह उसको अपने कमरे में लेकर चला गया, तब भी उसको नहीं रोका। उस हैवान ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया, लेकिन आरोपित की मां मासूम की चीखें सुनकर भी उसे बचाने नहीं गई। बल्कि बेटे के कृत्य को छिपाने का हर प्रयास किया था। जांच में सच्चाई सामने आने के बाद महिला को जेल भेज दिया गया। जबकि उसके बेटे को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। कांट क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा को चार नवंबर को वैन चालक शिवांशु हर रोज की तरह से घर से स्कूल ले जाने के लिए निकला था, लेकिन छात्रा को बहाने से अपने घर लेकर चला गया था। जैसे ही शिवांशु छात्रा को जबरन अपने कमरे की ओर खींचकर ले जाने लगा तो उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। शिवांशु की मां घर में मौजूद थी, लेकिन उसने बेटे के इस कृत्य का विरोध नहीं किया। जबकि छात्रा बचाने के लिए हाथ जोड़कर गुहार लगाती रही। मां नीता की चुप्पी की वजह से आरोपी हैवान बन गया। पांच नवंबर को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद छात्रा के बयान दर्ज कराए गए तो उसने पूरी घटना बताई। गुरुवार को पुलिस ने नीता को ददरौल गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पति की पहले ही मौत हो चुकी है। एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया



कि पीड़िता के बयान के आधार पर महिला को आरोपित बनाया गया। उसे जेल भेज दिया गया।

कांट क्षेत्र एक स्कूल में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा अन्य विद्यार्थियों के साथ वैन से आती-जाती थी। उसके स्वजन ने बताया कि सोमवार को वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन स्कूल नहीं पहुंचीं। कुछ देर बाद शिक्षक ने छात्रा के स्वजन को फोन कर उसके स्कूल न आने का कारण पूछा तो उनके पैरों तले मानों जमीन खिसक गई। स्वजन ने बताया कि छात्रा अपने समय पर ही वैन चालक के साथ स्कूल गई थी। कुछ देर बाद स्वजन स्कूल पहुंच गए। उसके बाद वैन चालक को फोन कर स्कूल बुलाया गया तो वह छात्रा को अपने साथ लेकर वहां पहुंच गया। स्वजन को देखकर छात्रा फफक पड़ी। पूछताछ करने पर उसने बताया कि शिवांशु बहाने से अपने घर ले गया। कहा कि वहां से कुछ सामान उठाना है, इसके बाद स्कूल चलेगा। वह अपने यहां ले गया, कुछ देर रुकने की बात कहकर कमरे में बुलाया, दुष्कर्म किया। इसके धमकाया कि स्वजन को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

## बिहार के युवक को मुंबई में टुकड़ों में काटा

### प्रेमिका के परिजनों ने दी मौत, जानें मामला

**दरभंगा।**



दरभंगा के बहेड़ा थानाक्षेत्र के कन्हौली गांव के निवासी युवक की हत्या कर शव को टुकड़े-टुकड़े में काटकर मुंबई में फेंकने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या उसकी प्रेमिका के परिजनों ने की, क्योंकि वह दूसरे समुदाय की लड़की से प्रेम करता था। मुंबई पुलिस ने घटना की जांच करते हुए शव के टुकड़े बरामद किए और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पहचान मृतक के शरीर पर बने टैटू से हुई है। घटना की खबर सुनते ही मृतक के परिजन मुंबई रवाना हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रेम प्रसंग में जान गंवाने वाला युवक रघुनंदन पासवान कन्हौली गांव के निवासी जितेंद्र पासवान का बेटा था। वह इब्राहिमपुर गांव की एक नाबालिग लड़की से प्रेम करता था। लड़की के परिजनों द्वारा इस रिश्ते का लगातार विरोध किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि लड़की के परिवार वालों ने इस रिश्ते को रोकने के लिए उसे मुंबई में अपने भाई के पास भेज दिया। बावजूद इसके, रघुनंदन ने अपने दोस्तों के साथ मुंबई जाने का निर्णय लिया और लड़की से मिलने की कोशिश की। 31 अक्तूबर को रघुनंदन अपने दोस्तों, समस्तीपुर के आशीष पासवान, सुमित पासवान और गोलू पासवान के साथ मुंबई पहुंचा। यहां किसी बात पर उसके दोस्तों और लड़की के परिजनों के बीच विवाद हुआ। उसके बाद रघुनंदन को उसके दोस्तों ने लड़की के परिजनों के हवाले कर दिया। लड़की के परिवार पर आरोप है कि उन्होंने रघुनंदन की बेरहमी से हत्या कर दी और उसके शव को सात टुकड़ों में काटकर बोरे में भरकर फेंक दिया। मुंबई पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू की और लड़की के परिवार के सदस्यों को हिरासत में लिया है।

स्कूल जाना नहीं छोड़ा तो...

# सिरफिरे युवक ने दी धमकी, डर से 10वीं की छात्रा ने उठाया ये खौफनाक कदम

**धमतरी/एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के परसतराई गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 15 साल की दसवीं कक्षा की छात्रा भाग्यश्री साहू ने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस हादसे के बाद से परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मिली जानकारी के मुताबिक, भाग्यश्री जब रोज स्कूल जाती थी, तो लोहारसी गांव का एक शराबी लड़का उसे तंग करता था। वह लड़का रोज उसे धमकियां देता था और उसे डराता था। 13 नवंबर को युवक ने नशे की हालत में छात्रा के घर पहुंचकर गाली-गलौज कर धमकी दी थी। इधर युवक की धमकी से परिवार के लोग स्तब्ध थे। इसी के चलते 14 नवंबर को छात्रा को स्कूल भी नहीं भेजे। गुरूवार सुबह छात्रा के पिता टेकेश्वर साहू माता रेखा बाई काम पर निकल गए। इधर परेशान छात्रा ने घर में फांसी आत्महत्या कर ली। बताया गया कि कुछ महीने पूर्व युवक के खिलाफ परिजनों ने थाने में शिकायत की थी। अर्जुनी टीआई सन्नी दुबे ने बताया कि छात्रा के परिजनों ने एक युवक के नाम से शिकायत की है। टीम उसे गिरफ्तार करने निकल गई है।



# संक्षिप्त खबरें

## चोटिल मैथ्यू फोर्ड की जगह ओबेद मैककॉय वेस्टइंडीज की टी20 टीम में शामिल



**सेंट लूसिया।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने बचे हुए दो टी20 मैचों के लिए चोटिल मैथ्यू फोर्ड की जगह ओबेद मैककॉय को टीम में शामिल किया है। पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले प्रशिक्षण के दौरान फोर्ड की जांघ में खिंचाव आ गया था, जिसके बाद मैककॉय को टीम में शामिल किया गया है। फोर्ड को शुरू में बारबाडोस में सीरीज का दूसरा मैच खेल रहे निलंबित अल्जारी जोसेफ के कवर के तौर पर शामिल किया गया था। सेंट लूसिया में जोसेफ की जगह उन्हें टीम में शामिल किया गया था। वेस्टइंडीज ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज 3-0 से गंवा दी है। मैककॉय कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के दौरान चोटिल होने के बाद टी20 सीरीज की शुरूआत के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने आखिरी बार अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान वेस्टइंडीज के लिए खेला था। इंग्लैंड ने गुरुवार को डेरेन सैमी स्टेडियम में जीत के साथ 2019 के बाद से कैरेबियाई में किसी भी प्रारूप में अपनी पहली सीरीज जीत हासिल की, जबकि बाकी दो मैच सप्ताहांत में इसी मैदान पर खेले जाएंगे।

## जेक पॉल ने माइक टायसन को हराया

**नई दिल्ली।** युवा यूट्यूबर से मुक्केबाज बने जेक पॉल ने शुक्रवार रात 58 वर्षीय पूर्व हेवीवेट चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन पर सर्वसम्मति से जीत हासिल की। जजों के अनुसार मुकाबला करीबी नहीं था, एक ने पॉल को 80-72 की बढ़त दी, जबकि अन्य दो ने इसे 79-73 बताया। टायसन शुरूआती घंटी बजने के तुरंत बाद पॉल के पीछे आए और कुछ तेज मुक्के मारे, लेकिन बाकी समय उन्होंने कुछ और करने की कोशिश नहीं की। यह लगभग 20 वर्षों में टायसन का पहला स्वीकृत पेशेवर मुकाबला था, जहां उनका सामना एक नौसिखिए मुक्केबाज से था। टायसन के शुरूआती सेकंड में तेज धमाके के बाद पॉल अधिक आक्रामक हो गए, लेकिन मुक्के बहुत प्रभावी नहीं थे। कई बार उन्होंने बेतहाशा वार किए और चूक गए, हालांकि इसके बाद भी उन्होंने अंत में जीत दर्ज की। यह टायसन के लिए 2005 के बाद से पहली स्वीकृत लड़ाई थी, जबकि पॉल ने चार साल से थोड़ा अधिक समय पहले लड़ना शुरू किया था। यह मुकाबला मूलतः 20 जुलाई को होना था, लेकिन उड़ान के दौरान बीमार पड़ने के बाद पेट के अल्सर के उपचार के लिए टायसन को ले जाया गया, जिसके कारण इसे स्थगित करना पड़ा।

## नीरज गोयत ने सुपर-मिडिलवेट मुकाबले में व्हिंडरसन नून्स को हराया

**नई दिल्ली।** नीरज गोयत ने शुक्रवार को टेक्सास के अर्लिंग्टन स्थित एटी एंड टी स्टेडियम में जेक पॉल बनाम माइक टायसन नेटफ्लिक्स इवेंट के अंडरकार्ड सुपर-मिडिलवेट मुकाबले में व्हिंडरसन नून्स को हराया। डब्ल्यूबीसी रैंकिंग में जगह बनाने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज ने छह राउंड की गैर-टाइटल लड़ाई में 60-54 के व्यापक अंतर से सर्वसम्मत निर्णय से अपना मुकाबला जीता। यह भारतीय मुक्केबाज का एकतरफा मुकाबला था, जिसने पूरे मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा। भारत के 33 वर्षीय मुक्केबाज ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं, जिसमें उनकी आखिरी जीत पिछले साल दूसरे दौर में फाकोर्न ऐम्योद पर तकनीकी नॉकआउट से जीत के रूप में आई थी। उनके प्रतिद्वंद्वी, नून्स ने हाल ही में मिसफिट्स बॉक्सिंग प्राइम कार्ड में नाथन बार्टलिंग से हारकर अपना पेशेवर पदार्पण किया। ब्राजीलियाई मुक्केबाज केवल प्रदर्शनी मैचों में ही दिखाई दिए हैं। उनका मुकाबला टायसन और पॉल के बीच बड़े मुकाबले से पहले पांच अंडरकार्ड मुकाबलों में से अंतिम था।

## विश्व कप क्वालीफायर मैच के लिए ब्राजील की टीम में शामिल हुए अनकैप्ड डिफेंडर डोडो

**रियो डी जेनेरियो।** फिओरेंटीना के अनकैप्ड डिफेंडर डोडो को उरुग्वे के खिलाफ होने वाले विश्व कप क्वालीफायर मैच के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। ब्राजील फुटबाल परिसंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी।25 वर्षीय खिलाड़ी मोनाको के राइट-बैक वेंडरसन की जगह लेंगे, जिन्हें पीले कार्ड जमा होने के कारण अगले मंगलवार को साल्वाडोर में होने वाले मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। सीबीएफ ने गिलहर्मे अराना के टखने में चोट लगने के बाद बोटाफोगो और मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व लेफ्ट-बैक एलेक्स टेल्स को भी वापस बुला लिया है। गुरुवार को वेनेजुएला के साथ 1-1 से ड्रॉ के बाद पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में तीसरे स्थान पर है।

# यूएसपीएल 3: रहकीम संभालेंगे अटलांटा ब्लैककैप्स की कमान

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी रहकीम कॉर्नवाल फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में होने वाले आगामी यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 में अटलांटा ब्लैककैप्स का नेतृत्व करेंगे। यूएसपीएल 3 का आयोजन 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जाएगा। 10 टेस्ट और 84 टी20 मैच खेल चुके रहकीम कॉर्नवाल अपनी टीम अटलांटा ब्लैककैप्स को सीजन के फाइनल में देखना चाहते हैं। टूर्नामेंट को लेकर रहकीम कॉर्नवाल ने कहा कि, अटलांटा ब्लैककैप्स का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। टीम में बेहतरीन खिलाड़ियों का संयोजन किया गया है और हमें बेसब्री से टूर्नामेंट का इंतजार है। पिछले सीजन में हम सेमीफाइनल में पहुंचे थे और मुझे उम्मीद है कि इस बार समापन ट्रॉफी पर पकड़ बनाने के साथ ही होगा। एंटीगुआ के क्रिकेटर ने आगे कहा, हर टीम अच्छा प्रदर्शन करना चाहती है और मुझे लगता है कि हमारी तैयारी अच्छी चल रही है। प्रशंसक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखना चाहते हैं और यूएसपीएल सीजन 3 में अटलांटा



ब्लैककैप्स इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। मैं उम्मीद करता हूं कि हम एक कड़े प्रतिद्वंदी बनकर उभरेंगे।

### टीम अटलांटा ब्लैककैप्स

मिलिंद कुमार, अमिला अपोंसो, क्वामे पैटन जूनियर, देव सलियन, स्मिट पटेल, सैयद साद अली, आकर्षित गोमेल, रहकीम कॉर्नवाल, आदिल भट्टी, स्टीफन वाइग, अली शेख, केल्विन सैवेज, जहमार हैमिल्टन, नकाश बशारत, जाहिदुल अलोम।

टूर्नामेंट की शुरूआत कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स के बीच रोमांचक मुकाबले के साथ होगी, उसके बाद मैरीलैंड मावेरिक्स और अटलांटा ब्लैककैप्स के बीच दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। लीग में रोमांच बनाए रखने के लिए प्रतिदिन ट्रिपल-हेडर मुकाबले खेले जाएंगे ताकि प्रशंसकों को रोज एक्शन से भरपूर क्रिकेट देखने को मिले। दोनों ही सेमीफाइनल 29 नवंबर को तो 1 दिसंबर को सीजन 3 का फाइनल खेला जाएगा।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही टीमें- कैरोलिना ईगल्स, अटलांटा ब्लैककैप्स, कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स, मैरीलैंड मावेरिक्स, न्यू जर्सी टाइटन्स, न्यूयॉर्क काउबॉय।

# फिर रोहित बने पिता

## सूर्यकुमार , संजू सैमसन, तिलक ने दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा दोबारा पिता बन गए हैं। शुक्रवार रात उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने एक बेटे को जन्म दिया है। दोनों को हर तरफ से बधाईयां मिल रही हैं। रोहित, जो इससे पहले आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाए थे, दूसरी बार पिता बने, जब उनकी पत्नी रितिका ने मुंबई के एक स्थानीय अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया।

शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 3-1 से सीरीज जीतने वाली भारतीय टी20 टीम ने भी रोहित और रितिका को बधाई दी और भारतीय कप्तान को चिढ़ाते हुए कहा कि एक नया क्रिकेटर मैदान में आया है।

तिलक वर्मा ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, वास्तव में, हम सभी बहुत खुश हैं रोहित भाई। हम सभी इस पल का इंतजार कर रहे थे। मैं जल्द ही आपके और बच्चे के साथ जुड़ूंगा। संजू सैमसन ने



कहा, रोहित और उनके परिवार के लिए बहुत-बहुत खुश हूं।

टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, हमें अब एक नए क्रिकेटर के लिए तैयार होना होगा जो जल्द ही हमारे साथ जुड़ेगा। रोहित और रितिका की पहले से ही एक बेटी समायरा है, जिसका जन्म 2018 में हुआ था। शुक्रवार को बच्चे के आने के साथ, संभावना है कि रोहित 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले पहले पर्थ टेस्ट में खेल सकते हैं। इससे पहले, मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि रोहित पहले टेस्ट में खेलेंगे या नहीं।

# में दो शतक बना पाऊंगा, कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी : तिलक वर्मा

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दूसरे टी-20 मैच में शतक लगाने के बाद तिलक वर्मा ने कहा कि उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। तिलक ने मैच में 120 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज और मैन ऑफ द मैच दोनों पुरस्कार जीते। तिलक ने मैच के बाद कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दक्षिण अफ्रीका में ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दो शतक बना पाऊंगा, यह अविश्वसनीय है और मैंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी।

तिलक ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा, इसके लिए हमारे कप्तान सूर्या का धन्यवाद।

अपनी हालिया चोट से जूझने के बारे में उन्होंने बताया कि कैसे भगवान और उनकी प्रक्रिया में उनके विश्वास ने उन्हें ठीक होने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद की। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने पिछले मैच में कहा था, मैं पिछले कुछ मैचों में चोटिल हो गया था। मैं भगवान और अपनी प्रक्रिया में विश्वास करता हूं, इसलिए मैंने भगवान के सामने इस तरह जश्न मनाया।

अपनी पारी के बारे में बताते हुए उन्होंने मजाकिया अंदाज में दक्षिण अफ्रीका में अपने



पिछले अनुभव को याद किया और कहा, पिछले साल, जब मैं यहां खेला था, तो पहली गेंद पर आउट हो गया था। यह पारी टीम और सीरीज के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी।

तिलक ने शांत रहने और अपनी बुनियादी बातों पर टिके रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं बस अपनी फॉर्म बनाए रखना चाहता था और अपने बुनियादी बातों का पालन करना चाहता था, जैसा कि मैंने पिछले गेम में किया था। मैं पूरे समय शांत रहा।

उनके प्रदर्शन से न केवल भारत को श्रृंखला जीतने में मदद मिली, बल्कि उन्हें श्रृंखला के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक के रूप में भी पहचान मिली।

# बांग्लादेश टेस्ट: वेस्टइंडीज की टीम घोषित

एजेंसी

**सेंट जॉन्स।** फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स और स्पिनर केविन सिंक्लेयर की 22 नवंबर से नॉर्थ साउंड में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टेस्ट टीम में वापसी हुई है। क्रेग ब्रैथवेट की अगुआई वाली इस टीम में अनुभवी, फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों और नई प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। ग्रीव्स ने घरेलू व्हाइट-बॉल प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद वापसी की है, जिसमें उन्होंने तीन शतक जड़े थे।

सिंक्लेयर भी एक मूल्यवान स्पिन गेंदबाजी विकल्प के रूप में टीम में वापस आ गए हैं, जबकि जेसन होल्डर कंधे की चोट के कारण पुनर्वास के लिए सीरीज से बाहर रहेंगे। इस बीच, टेस्ट सीरीज से पहले, टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट 17 और 18 नवंबर को एंटीगुआ के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड पर बांग्लादेश के



**वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम इस प्रकार है:** क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जोशुआ दा सिल्वा (उपकप्तान), एलिक अथानाजे, कीसी कार्टी, जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, जेडन सील्स, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन।

खिलाफ होने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिए सीडब्ल्यूआई सिलेक्ट इलेवन टीम का नेतृत्व करेंगे। मुख्य कोच आंद्रे कोली ने एक आधिकारिक बयान में कहा,हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज दो उभरती हुई टीमों के बीच एक प्रतिस्पर्धी मुकाबला होगा। दो दिवसीय अभ्यास मैच और प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से सीरीज की तैयारी हमें सर्वश्रेष्ठ संभव तैयारी प्रदान करेगी, क्योंकि वे अनुभवी और उभरते हुए दोनों खिलाड़ियों को टेस्ट सीरीज से पहले अपने कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करेंगे। बांग्लादेश 4 दिसंबर को किंग्स्टन में दूसरे टेस्ट के समापन के बाद तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करेगा। वर्तमान में, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में सबसे निचले पायदान पर हैं।

# पॉल पोग्बा और जुवेंटस ने अलग होने का किया फैसला

एजेंसी

**ट्यूरिन।** पॉल पोग्बा और जुवेंटस ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है क्योंकि फ्रांसीसी मिडफील्डर को फुटबॉल से 18 महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ रहा है। सितंबर 2023 में नियमित ड्रग टेस्ट के दौरान 2018 विश्व कप विजेता को डीएचईए के लिए सकारात्मक पाया गया, जो टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने वाला पदार्थ है। इतालवी क्लब के साथ पोग्बा का अनुबंध आधिकारिक तौर पर 30 नवंबर, 2024 को समाप्त हो जाएगा, 31 वर्षीय पोग्बा मार्च 2025 में पिच पर वापसी की



तैयारी कर रहे हैं। जुवेंटस द्वारा जारी एक बयान में, क्लब ने ट्यूरिन में अपने समय के दौरान पोग्बा के योगदान को स्वीकार किया और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की। बयान में कहा गया,जुवेंटस फुटबॉल क्लब और पॉल पोग्बा ने घोषणा की है कि वे 30 नवंबर 2024 तक अपने अनुबंध को समाप्त करने के लिए आपसी समझौते पर पहुंच गए हैं। क्लब पॉल को उनके पेशेवर भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।

पोग्बा ने क्लब और उसके प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, जुवेंटस में मेरा समय समाप्त हो गया है। बियानकोनेरी शर्ट पहनना और साथ में इतने सारे खास पल साझा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है।

# गोनासिका में शामिल हुए संजय दत्त

**विशाखापत्तनम।** आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में विजाग की पुरुष टीम गोनासिका ने पहले सीजन में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त को टीम का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। खेल के दिग्गजों, हेड कोच जगबीर सिंह और मेंटर एम.एम. सोमाया की अगुआई वाली टीम 28 दिसंबर को राउरकेला के प्रतिष्ठित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ अपने मुकाबले से अपने एचआईएल अभियान की शुरूआत करेगी। बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं में से एक संजय दत्त, जिन्हें मुन्ना भाई एमबीबीएस और वास्तव जैसी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, अपनी स्टार पावर और खेल के प्रति जुनून को टीम में लेकर आए हैं। उनकी भागीदारी निस्संदेह लीग की ओर महत्वपूर्ण ध्यान और समर्थन आकर्षित करेगी, जिससे गोनासिका और हॉकी इंडिया लीग की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में संजय दत्त ने कहा,आज टीम गोनासिका के ब्रांड एंबेसडर के रूप में आपके सामने खड़े होकर मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है। हॉकी इंडिया लीग में अपनी यात्रा शुरू करने वाली इस शानदार टीम का समर्थन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

# व्यापार

# सीबीडीटी ने टैक्सपेयर्स के लिए विदेशी स्रोतों से आय की जानकारी देने का शुरू किया अभियान

## आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अनुपालन-सह-जागरुकता अभियान की शुरूआत की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने करदाताओं को विदेशी परिसंपत्तियों की अनुसूची को सही ढंग से पूरा करने और अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) में विदेशी स्रोतों से इनकम की रिपोर्ट करने में सहायता के लिए आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अनुपालन-सह-जागरुकता अभियान शुरू किया है।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि सीबीडीटी ने करदाताओं को आईटीआर में अनुसूची विदेशी संपत्ति (अनुसूची एफए) को सही ढंग से पूरा करने और विदेशी स्रोतों (अनुसूची एफएसआई) से इनकम की रिपोर्टिंग करने में




सहायता के लिए आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अनुपालन-सह-जागरुकता अभियान शुरू किया है। सीबीडीटी के अनुसार काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत अनुसूची एफए और एफएसआई का अनुपालन अनिवार्य है, जिसके तहत विदेशी संपत्ति और आय का पूरा खुलासा करना आवश्यक है। आयकर विभाग की ओर से 16 नवंबर, 2024 को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक यह पहल विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है और करदाता अनुपालन को सरल बनाने और मानवीय संपर्क को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए आयकर विभाग की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। सूचना के स्वचालित आदान-प्रदान ( एइओआई) के जरिए प्राप्त डेटा का लाभ उठाकर, विभाग एक अधिक कुशल, करदाता-अनुकूल प्रणाली बनाने के लिए काम कर रहा है।

मंत्रालय ने कहा कि सीबीडीटी को उम्मीद है कि सभी पात्र करदाता इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी कर जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ-साथ देश के आर्थिक विकास में योगदान देंगे।

# जीतन राम मांझी ने 43वें आईआईटीएफ में एमएसएमई मंडप का उद्घाटन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के हॉल नंबर 6 में एमएसएमई मंडप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मांझी ने मंडप में विभिन्न प्रदर्शकों से बातचीत की और उन्हें मेले में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि जीतन राम मांझी ने 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के हॉल नंबर 6 में एमएसएमई मंडप का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। उनके साथ एमएसएमई



मंत्रालय के एएस एवं डीसी डॉ. रजनीश और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

मंत्रायल ने कहा कि एमएसएमई मंडप में देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 200 प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। इस बार मंडप का मुख्य विषय हरित एमएसएमई है, जो एमएसएमई द्वारा अपने व्यवसाय संचालन को बदलने के लिए स्वच्छ यानी हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर देता है। इसके अलावा मंडप में पीएम विश्वकर्मा योजना पर भी प्रकाश डाला गया है, जो 18 व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को अंतिम सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रालय की प्रमुख योजना है। इस योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर, 2023 को लॉन्च किया था।

# एयरएशिया ने पोर्ट ब्लेयर से कुआलालंपुर के बीच शुरू की अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा

## ब्लेयर से अंतरराष्ट्रीय सेवा शुरू करने वाली पहली विमानन कंपनी बन गई

संवाददाता

**नई दिल्ली।** अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए ऐतिहासिक दिन है। एयरएशिया एयरलाइन ने वीर सावरकर एयरपोर्ट से पहली इंटरनेशनल उड़ान सेवा की शुरूआत कर दी है। इसके साथ ही एयरएशिया पोर्ट ब्लेयर से अंतरराष्ट्रीय सेवा शुरू करने वाली पहली विमानन कंपनी बन गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एयरएशिया ने पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर हवाई अड्डे से अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। कुआलालंपुर से पहली उड़ान सुबह 10:20 बजे 120 यात्रियों को लेकर यहां उतरी, जिनमें मुख्य रूप से मलेशिया और जापान के



पर्यटक थे। वीर सावरकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के आधे घंटे बाद विमान 150 यात्रियों के साथ कुआलालंपुर के लिए उड़ान भरी। एयरएशिया के मुख्य हवाई अड्डा और ग्राहक अनुभव अधिकारी केसवन शिवानंदम ने बताया कि मलेशियाई और जापानी पर्यटकों समेत 120 यात्रियों के साथ एयर एशिया की उड़ान कुआलालंपुर से पोर्ट ब्लेयर सुबह के 10:20 बजे पहुंची। इसके आधे घंटे बाद 10:55 बजे 150 यात्रियों के साथ यह वापस कुआलालंपुर के लिए रवाना हुई।

# उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई की उचित और प्रभावी मॉनिटीरिंग में जेडीए ने अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध करी ताबड़तोड़ कार्रवाई

## जोन-11:निजी खातेदारी करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण

चमकता राजस्थान








## जोन-10: ईकोलोजिकल जोन आगरा रोड़ ग्राम सुमेल में कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बनी अवैध बाउण्ड्रीवाल, 04 कोठरियां का पूर्णतः ध्वस्तीकरण।

- **जोन-13:निजी खातेदारी करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर चवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण।**
- **ग्राम सामरिया रोड़, श्रीराम नगर में प्लॉट नं.-19 के सामने रोड़ सीमा को करवाया कब्जा अतिक्रमण मुक्त।**
- **सामरिया रोड़ श्रीराम नगर में आवासीय भूखण्ड संख्या-18 में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनी अवैध दुकान की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही।**
- **जोन-11:करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः**

जयपुर (खलील कुरैशी) दिनांकः 16.11.2024 को जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पिपला भरतसिंह जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ₹कृष्ण वाटिकार₹ के नाम से विगत पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सड़कें, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर राजस्व व तकनीकी किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।(2). जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गांव खातीपुरा, तहसील सांगनेर, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टीभिग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।(3) जोन-13इ निजी खातेदारी करीब 03बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण। 3. प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा औज दिनांकः 16.11.2024 को जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रामसिंहपुरा फाटकके पास, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं विना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ₹श्रीराम नगर₹ के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्यः अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।ग्राम सामरिया रोड, श्रीराम नगर में प्लॉट नं.-19 के सामने रोड सीमा को करवाया कब्जा अतिक्रमण मुक्त।(4). जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सामरिया रोड, श्रीराम नगर में प्लाॅट नं.-19 के सामने रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर अत्यधिक लम्बाई में रैम्प बनाकर रास्ता अवरुद्ध कर रखा था। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।सामरिया रोड श्रीराम नगर में आवासीय भूखण्ड संख्या-18 में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनी अवैध दुकान की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही।(5). जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ईटों की दीवार चुनवाकर शटरों पर ताले. सील, चपड़ी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गयी। जोन-10 ईकोलोजिकल जोन आगरा रोड ग्राम सुमेल में कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर बनी अवैध बाउण्ड्रीवाल, 04 कोठरियां का पूर्णतः ध्वस्तीकरण।(6). प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 16.11.2024 को जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़ ग्राम सुमेल, जिला जयपुर में निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के अवैध बाउण्ड्रीवाल 04 कोठरियां व अन्य अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व वं तकनीकी स्टॉफ कीं निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11. 13. 10 तथा प्राधिकरण में उपलध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सुम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2024 से आज तक कुल 57 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर श्री कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in &enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण / कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत / परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

## संक्षिप्त समाचार


### श्री महाकाली महायज्ञ के दूसरे दिन यजमानों ने दी आहुति




**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** शाहपुरा के समीप खोरा श्याम दास गांव में बड़ा कुआ ढाणी में श्री श्री 1008 प्रेमगिरी महाराज के सानिध्य और महायज्ञ के आचार्य कामनाथ शास्त्री के आचार्यत्व में चल रहे श्री महाकाली मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्षय में चल रहे श्री 21 कुण्डात्मक महाकाली महायज्ञ के दूसरे दिन यजमानों ने दी आहुति। महायज्ञ के उपाचार्य वैदिक रमाकान्त टीलावत ने बताया कि शुक्रवार को आवाहित देवताओं का पूजन मंडप स्तम्भ पूजन,अग्नि मंथन के साथ महायज्ञ में वैदिक मंत्रों से विद्वानों द्वारा यजमानों से आहुति दिलवाई गयी।महायज्ञ के ब्रह्मा पुण्डरीक शर्मा ने बताया कि 18 नवम्बर को महाकाली माताजी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न होगी।

## बीजेपी पर बरसे राहुल गांधी

# कहा- अगर धारावी में 10 अमीर लोग रहते, तो वहां की जमीन का ना होता अधिग्रहण



मुम्बई/एजेंसी

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों का जोरों शोरों से प्रचार जारी है। इस बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को चंद्रपुर जिले में रैली की। इस रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर धारावी में 10 अमीर लोगों का घर होता तो यहां की जमीन का अधिग्रहण नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि वह राष्ट्र निर्माण में बलिदानों की याद दिलाने के लिए लोगों को संविधान दिखाते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर बलिदानों का अपमान करने का आरोप लगाया।

### रास्ता खोलो अभियान के दूसरे दिन जिला प्रशासन ने खुलवाए 15 रास्ते

- **सहमति और समझाइश लाई रंग, ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 16 नवंबर।** गांव और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला प्रशासन के रास्ता खोलो अभियान के दूसरे दिन भी जिला प्रशासन ने जिले में बरसों से बंद बंद सिवायचक, कटानी एवं गैर मुमकिन सहित अन्य सभी प्रकार के 15 रास्ते खुलवाए। जिससे 8 हजार से ज्यादा ग्रामीणों को लाभ होगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने शनिवार को सहमति एवं समझाइश से रास्ता खालने की कार्यवाही को अंजाम दिया। अभियान के तहत फुलेरा, रामपुरा-डाबड़ी एवं माधोराजपुरा में 3-3, कालवाड़ एवं बस्सी में 2-2,जयपुरएवंकिशनगढ़-रेनवाल तहसील में एक-एक रास्ता खुलवाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला प्रशासन के इस अभियान से आमजन को राहत मिलेगी। जिला प्रशासन एवं पुलिस ने सहयोग कर दशकों से बंद सिवायचक, कटानी एवं गैर मुमकिन सहित अन्य सभी प्रकार के रास्तों को खुलवा गया किशनगढ़-रेनवाल के हरसोली गांव में करीब 50 साल पुराना 500 मीटर लंबा गैर मुमकिन रास्ता समझाइश से खुलवाया गया। वहीं, जयपुर के विजयपुरा में 600 मीटर लंबा रास्ता खुलवाया जिससे 2 हजार 500 से ज्यादा ग्रामीणों को राहत मिलेगी। रामपुरा डाबड़ी के जयरामपुरा गांव में करीब 3 किलोमीटर तो वहीं, मोहनबाड़ी गांव में करीब 2 किलोमीटर लंबा रास्ता खुलवा कर ग्रामीणों की राह आसान की गई। सालों से बंद रास्ते खुलने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया साथ ही, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का आभार जताया।गौरतलब है कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुक्रवार को जिले में रास्ता खोलो अभियान का आगाज हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं।

ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे, उपखण्ड अधिकारी सप्ताह में एक बार तहसीलदार, थानाधिकारी, विकास अधिकारी के साथ रास्तों से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे हैं तथा खोले जाने वाले रास्तों का चिन्हीकरण कर सप्ताह में कम से कम तीन रास्तों की समस्या का समाधान करेंगे। बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खंड विकास अधिकारी संबन्धित खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल/सी.सी. रोड़ बनवाया जाना सुनिश्चित करेंगें ताकि फिर से कोई रास्ते पर अतिक्रमण नहीं कर पाए। जिन स्थानों पर किन्हीं कारणों से शुक्रवार को कार्यवाही संभव नहीं हो पाई उन स्थानों पर शनिवार को अनिवार्य रूप से रास्ता खोलो अभियान के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# राजस्थान कैडर के तीन सर्वश्री शरत कविराज, पंकज चौधरी व राहुल जैन आईपीएस अधिकारी चार सप्ताह की ट्रेनिग पर राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद में

## आईपीएस पंकज चौधरी ने प्रथम वरीयता लेने व इससे संबंधित विभिन्न पहलुओं पर बेहतरीन प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया

चमकता राजस्थान






**जयपुर (खलील कुरैशी)16 नवम्बर ।** डीआईजी और आईजी रैंक के लिए अनिवार्य ट्रेनिंग फेज -4 के लिए राजस्थान सरकार ने तीन आईपीएस अधिकारियों को चार सप्ताह राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद भेजा है। 4 नवम्बर से शुरू यह ट्रेनिंग 29 नवंबर तक संचालित होगी। इस ट्रेनिंग में पूरे देश से कुल 68 आईपीएस भाग ले रहे हैं। जिसमे 1996 से 2010 बैच के आईपीएस शामिल हैं। राजस्थान कैडर से तीन आईपीएस अधिकारी सर्वश्री शरत कविराज, पंकज चौधरी व राहुल जैन शामिल हुए हैं।ट्रेनिंग के दौरान आईपीएस अधिकारी अपने अनुभवों को भी साझा करते है। जिसमे कविराज ने राजस्थान में चल रही आईटी नवाचार के बारे में विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। पंकज ने आईपीएस प्रथम वरीयता लेने व इससे संबंधित विभिन्न पहलुओं पर बेहतरीन प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया जिसे समस्त अधिकारियों ने सराहा।ज्ञात हो पंकज चौधरी ऐसे अधिकारी हैं जो आईपीएस के तौर पर पाँचवी नौकरी कर रहे हैं। आईपीएस बनने के पहले 2 प्राइवेट जॉब के अलावा उत्तर प्रदेश सरकार में बाँदा ज़िले में प्रस्थापित रहे। फिर भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में 7 वर्ष सेवा दी है।इस प्रकार पंकज चौधरी ने कुल 24 वर्ष की सेवा विभिन्न सर्विस के ज़रिए दी है। सूत्रों के अनुसार पंकज चौधरी के प्रमोशन का मैटर माननीय न्यायालय में गत एक वर्ष से विचाराधीन है। उम्मीद है माननीय न्यायालय के निर्णय के उपरांत चौधरी को डीआईजी का प्रमोशन व अन्य परिलाभ प्राप्त होंगे। इस कड़ी में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी की फेज -4 की ट्रेनिंग अनियार्य है आईपीएस चौधरी अभी कम्युनिटी पुलिसिंग में राजस्थान के नोडल अधिकारी है। इसके पूर्व बाँसवाड़ा,जैसलमेर व बूंदी ज़िलों के एसपी रहे और एक वर्ष दिल्ली डेपुटेशन पर रहे। किशनगढ़ ट्रेनिंग स्कूल में प्रथम प्रधानाचार्य के अलावा एससीआरबी में एसपी, एसडीआरएफ़ में कमांडेंट व कोटा, झालावाड, जयपुर आदि जगहों पर ट्रेनिंग के दौरान पदस्थापित रहे।चौधरी को विभिन्न विंग में बेहतरीन नवाचार के लिए 5 राष्ट्रीय अवार्ड मिले। हाल में 16 अक्तूबर को नई दिल्लीमेंआयोजितसीएसएसआर व ईएसजी समिट 2024 के डूइंग गुड फॉर भारत अवार्ड के तौर पर पूरे देश से चयनित 15 अवार्डी में पंकज चौधरी को राजस्थान में कम्युनिटी पुलिसिंग के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए होटल पुलमैन, नई दिल्ली में प्रदान किया गया जहां देश के कई मंत्री ,उद्योगपति व गणमान्य मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929